mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

RNI : JHAHIN/2014/54374

www.rashtriyamukhyadhara.com

बोकारो, सोमवार
22.4.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 80



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# पीएम ने जारी किया भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव टिकट और सिक्का

**युवा पीढ़ी का ये समर्पण विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है**




**राष्ट्रीय मुख्यधारा। दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर रविवार को एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत मंडपम का ये भव्य भवन आज भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के आरंभ का साक्षी बन रहा है। इस मौके पर विद्यार्थी मित्रों ने भगवान महावीर के जीवन को चित्रों द्वारा प्रदर्शित किया। युवाओं ने वर्तमान में वर्धमान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी पेश की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे अनादि मूल्यों के प्रति, भगवान महावीर के प्रति युवा पीढ़ी का ये समर्पण विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि इस शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। चुनाव के कठिन समय में ऐसे पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना मन को शांति दे रहा है। उन्होंने कहा, भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव एक दुर्लभ अवसर है। ऐसे अवसर कई विशेष संयोगों को जोड़ते हैं। पीएम ने कहा ये वह समय है, जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है और देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान को भी 75 साल पूरे होने वाले हैं। इस समय हमारा देश एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव यानी चुनावी महाकुंभ मना रहा है। देश को विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी। मेरा आप लोगों से जुड़ाव बहुत पुराना है और मैं हमेशा आप से जुड़ा रहूंगा क्योंकि पूरा देश ही मेरा परिवार है।

## 2014 के बाद ED ने 7,000 छापे मारेः मोदी

**5 हजार केस दर्ज किए, इनमें नेताओं के खिलाफ सिर्फ 3%, फिर भी विपक्ष को तकलीफ**



**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के ED के गलत इस्तेमाल करने के आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद ED की एफिशियेंसी बढ़ी है। 2014 के पहले प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के तहत 1800 केस दर्ज किए गए थे। हमारी सरकार आने के बाद ED ने 5 हजार केस दर्ज किए हैं। इनमें से सिर्फ 3% केस नेताओं के खिलाफ रिपोर्ट हुए हैं। फिर भी विपक्ष को तकलीफ है। मोदी ने एशियानेट को दिए इंटरव्यू में कहा- 2014 के पहले ED ने 84 जगहों पर छापे मारे थे। हमारी सरकार आने के बाद 7 हजार छापे पड़े हैं। अगर कोई संस्था करप्शन को खत्म करने के लिए बनी है और वह अपना काम सही से कर रही है तो इसमें विपक्ष को क्या दिक्कत है। इतने केस दर्ज नहीं होते तो विपक्ष कहता कि ED ठीक से काम नहीं कर रही है।

## उलगुलान न्याय महारैली में एकजुट हुए आईएनडीआईए के नेता, दिखाई ताकत

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




राज्य की राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के तत्वावधान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया। इसमें इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए। सभी ने जमकर केन्द्र सरकार को निशाने पर लिया। साथ ही दावा किया कि अबकी बार जनता उन्हें दिल्ली की गद्दी से बाहर कर देगी। जुमलेबाजी, बढ़ती महंगाई से जनता ऊब चुकी है। मोदी सरकार की विदाई तय है।

**वोट के लिए आदिवासी, एससी को देश का राष्ट्रपति बनाया** : मल्लिकार्जुन खड़गे : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सालाना दो करोड़ लोगों को नौकरी देने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर किसी के खाते में 15 लाख रुपये डालने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मोदी को झूठों का सरदार कहा। साथ ही कहा कि ये लोग झूठ बोलकर वोट लेते हैं और बाद में जनता को तबाह कर देते हैं। खड़गे ने कहा कि हमेशा मोदी कहते हैं कि मैंने आदिवासी को इस देश का राष्ट्रपति बनाया, मैंने शेड्यूल कास्ट के व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि तुमने वोट के लिए उन्हें राष्ट्रपति बनाया। उनके कल्याण या स्वाभिमान के लिए नहीं। उनके स्वाभिमान को आपने ठेस पहुंचायी है। खड़गे ने कहा कि मोदी गरीबों का वोट छीन लेना चाहते हैं। वह बार-बार कहते हैं कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि हमारी संसद में 543 सीटें हैं। मोदी कहते हैं 400 पार। गनीमत है कि उन्होंने अब तक नहीं कहा 600 पार। साथ ही कहा कि गठबंधन की शक्ति इस बार इतनी है कि मोदी हो या कोई और हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकते। हेमंत सोरेन को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। केजरीवाल को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। हम जनता से डरते हैं। तुम्हारे जैसे लीडरों से नहीं डरते।

**हेमंत सोरेन ने जेल से भेजी चिट्ठी, कल्पना सोरेन ने पढ़ा** : कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ते कहा कि देश एक विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। वर्ष 2014 से देश में एनडीए की सरकार चल रही है। हालांकि, पूरे देश के राज्यों का जनाधार एनडीए को अबतक नहीं मिला है। ऐसे में भाजपा-एनडीए गैर भाजपाई राज्यों के साथ सौतेलापन दिखा रही है। उनके साथ नहीं आने वाले को जेल भेजा जा रहा है। हर वर्ग को ठगा गया है।

## ख़ास ख़बर

### लंदन मेयर पद की दौड़ में दिल्ली के तरुण, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती



**लंदन**। इंग्लैंड के लंदन में मेयर का चुनाव होने वाले हैं। लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत चुके हैं। लेकिन इस उन्हें भारतीय मूल के तरुण गुलाटी चुनोती दे रहे हैं। गुलाटी इस चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी पाकिस्तान मूल के सादिक खान को चुनौती देने उतर रहे हैं। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। गुलाटी ने कहा कि वह लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हैं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग आते हैं। दिल्ली में जन्मे तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए विकल्प बन सके और सभी नागरिकों की सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीमार, रांची की रैली में नहीं हुए शामिल



**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिलहाल बीमार हैं और वे झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को आयोजित आईएनडीआईए की 'उलगुलान न्याय रैली' में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी आज सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, लेकिन वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं।

### शादी समारोह से लौट रही वैन को ट्राले ने मारी टक्कर, 9 युवकों की दर्दनाक मौत

**जयपुर**। राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक दर्दनाक हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद वैन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। झालावाड़-अकलेरा के पचोला में हुए इस हादसे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर घायल हो अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार हादसा आज सुबह जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे का शिकार हुए लोग मध्यप्रदेश के डूंगरी से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर डुगरगांव लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 52 पर पचोला पास ट्राले ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा के समीप डूंगर गांव के बागरी समाज के लोग शनिवार को अपने रिश्तेदार के शादी समारोह में मध्य प्रदेश गए थे। इसी दौरान बारात में से लाटते समय उनकी वैन तेज रफ्तार ट्रोले की चपेट में आ गई। उन्होंने कहा कि हादसे में 9 लोगों की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शव को अकलेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया है।

## आईएनडीआईए की सरकार बनी तो सीएए को लिया जाएगा वापसः चिदंबरम

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनी तो नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को वापस लिया जाएगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापिस लिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र के जारी होने बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि पार्टी ने आखिरी समय में इसे अपने घोषणा पत्र से हटाया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इसको लेकर पार्टी की आलोचना की थी। चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापिस लेगी। वे घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। घोषणापत्र में भले ही इसका उल्लेख नहीं किया गया लेकिन इसे वापिस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसका विरोध में संसद में भी किया था। तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने इसके खिलाफ संसद में पार्टी की ओर से पक्ष रखा था। चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर एक विशेष कानून लाया जाएगा। इसके तहत 'जमानत नियम, जेल अपवाद होगा। केरल के महान सपूत जस्टिस कृष्णा के शब्दों में जमानत नियम है, जेल अपवाद है। निचली न्यायपालिका, मजिस्ट्रेट और जिला न्यायाधीशों में इस नियम का शायद ही कभी पालन किया जाता है। हर कोई जमानत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकता है।

## वित्तमंत्री की मौजूदगी में हुआ धर्मशाला का भूमिपूजन

**• दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में बनेगी 135 कमरों की धर्मशाला**

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। वाराणसी**



दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में बनने वाली श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला का आज भूमिपूजन धूमधाम से किया गया। यह धर्मशाला डेढ़ साल में बनकर पूरी होगी और 2025 में इसे श्रद्धालुओं के चालू कर दिया जाएगा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में धर्मशाला की आधारशिला रखी गई। नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला बनाई जाएगी इस धर्मशाला का भूमिपूजन रविवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में धूमधाम से किया गया। इसका निर्माण डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। अक्तूबर 2025 में धर्मशाला को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। दसमंजिला धर्मशाला में 135 कमरे होंगे। क्षत्रम के अध्यक्ष नारायण ने बताया कि क्षत्रम ने यह जमीन 23 नवंबर 1894 में महज पांच हजार रुपये में खरीदी थी। उन्होंने बताया कि 65 हजार स्क्वायर फीट जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन, पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटा दिया गया है। अब इस पर 135 कमरों वाली 10 मंजिला धर्मशाला श्री काशी नकोट्टई नगर क्षत्रम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही यहां छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी होगा।

**कांग्रेस ने जताई आपत्ति** : दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के लिए सिगरा में बनने वाली धर्मशाला के शिलान्यास कार्यक्रम में वित्तमंत्री सीतारमण और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने राघवेंद्र चौबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चुनाव के दौरान ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना अनुचित है। सत्ता के दबाव में प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

## भारत में महिलाओं की लाइफ लाइन हुई बेहतर, 68 से 71 हुई उम्र

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली**



भारत की आबादी लगातार बढ़ रही है। कुछ समय पहले भारत ने चीन को भी मामले में पछाड़ दिया है। रिपोर्ट्स की मानें हर साल देश की आबादी 1 प्रतिशत बढ़ रही है। अब यूएनएफपीए ने रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि भारत की अब डेढ़ अरब पहुंच गई है। वहीं महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। इसमें बताया गया हैं कि महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में लगभग साढ़े तीन साल की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है। साल 2020 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 67.8 और महिलाओं की 70.4 साल थी। भारत की आबादी 144.17 करोड़ तक पहुंच गई है। जनसंख्या का आंकड़ा अगले 77 सालों में बढ़कर दोगुना होगा। साल 2050 तक भारत में दुनिया के 17 फीसदी बुजुर्ग होंगे। अभी देश में 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग 7 प्रतिशत से कम हैं। दुनिया में अनुमानित आबादी के साथ भारत सबसे आगे है, जबकि चीन 142.5 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। 2011 में पिछली जनगणना में देश की आबादी 121 करोड़ थी। इतना ही नहीं भारत में यौन संबंधों को लेकर भी जागरूकता आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब 30 सालों में प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर हुआ है। मातृ मृत्यु (प्रेग्नेंसी के समय मौत) में कमी आई है। दुनिया में ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा 8 प्रतिशत है। इसका सारा श्रेय सस्ता, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जा रहा है। 2006-2023 में भारत में 23 प्रतिशत बाल विवाह भी हुए हैं। वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने से मना नहीं कर पाती है, जबकि 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक उपायों के बारे में खुद निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

## भाजपा की सुविधा के लिए 1 जून तक कराया जा रहा मतदानः ममता बनर्जी

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लपेटे में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोगों को आराम देने के लिए मतदान की तारीख 1 जून तक रखी है ताकि बीजेपी के लोगों देश के संसाधनों का जमकर उपयोग कर सकें और उन्हें चुनावी प्रचार का पूरा वक्त मिले।मालदा जिले के गाज़ोल में टीएमसी उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 19 अप्रैल से 1 जून तक चुनाव निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी विशेष विमानों से यात्रा कर सकें और जमकर प्रचार कर सकें। देश में हर चरण से पहले उन्हें विपक्ष पर हावी होना है। पश्चिम बंगाल के भाजपा और कांग्रेस सांसदों पर हमला करते हुए , बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2019 में राज्य से चुने जाने के बावजूद, उनमें से किसी ने भी मनरेगा धन जारी करने के संबंध में राज्य का मामला नहीं उठाया। उन्होंने कहा , हमारे (टीएमसी) सांसद जब पिछले साल नवंबर में मनरेगा की धनराशि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली गए थे तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन कांग्रेस और भाजपा सांसदों ने गरीबों के लिए क्या किया है? कुछ भी नहीं। लेकिन, बंगाल भीख नहीं मांगेगा। मैं आपकी रॉयल बंगाल टाइगर हूं। हमें जितने अधिक सांसद मिलेंगे, उतना अधिक काम होगा। बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भाजपा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और लोगों से किसी भी गैर-टीएमसी उम्मीदवार को वोट नहीं देने का आग्रह किया। मैंने ही इंडिया ब्लॉक का नाम दिया था। लेकिन बंगाल में इंडिया गुट नहीं है।

## वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली**। देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। यह राशि संशोधित अनुमानों से बहुत ज्यादा है। मंत्रालय के मुताबिक आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 फीसदी) और संशोधित अनुमानों से 13 हजार करोड़ रुपये अधिक रहा है। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के हवाले से बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 फीसदी बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही है। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है।

## asriindia का हुआ शुभारंभ

इस्पात उद्योग की प्रसिद्ध नगरी बोकारो के चास ब्लॉक कार्यालय के सामने, श्रीकृष्णापूरी, भारतीय स्टेट बैंक एटीएम के बगल में स्थित गोपिंदु भवन में ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान #asriindia का हुआ शुभारंभ.
दिल्ली, पटना, आरा, रांची और रामगढ़ के बाद बोकारो में संस्थान के आरंभ होने से लोगों को अपने ज्योतिष और वास्तुशास्त्र से संबंधित समस्याओं का होगा समाधान.
30+ वर्षों के अनुभव और हजारों लोगों के विश्वास के साथ ज्योतिषी संतोषाचार्य जी प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को अपना बहुमूल्य समय प्रदान करेंगे.
आप समय निर्धारित कर...
जन्मकुंडली निर्माण, विश्लेषण और समाधान.
वैवाहिक समस्याओं का समाधान.
कैरियर समस्याओं का समाधान.
मकान अथवा प्रतिष्ठान के वास्तु समस्याओं का समाधान.
वास्तुशास्त्र के अनुसार नक्शा का निर्माण.
इत्यादि... समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं.
परामर्श शुल्क सिर्फ 1101/-
For Appointment :
09934324365

## अरविंद को जेल में मारने की साजिशः सुनीता केजरीवाल

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली**

दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा- केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। सुनीता रांची में I.N.D.I.A की रैली को संबोधित कर रही थीं। इधर, तिहाड़ जेल के DG संजय बेनीवाल ने शनिवार 20 अप्रैल को AIIMS को चिट्ठी लिखी। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक सीनियर डाइबिटोलॉजिस्ट अपॉइंट करने को कहा गया है। इस लेटर को आम आदमी पार्टी (AAP) ने भी रविवार (21 अप्रैल) को शेयर किया। इस बीच, रविवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी तिहाड़ जेल के सामने इंसुलिन लेकर पहुंचीं। उन्होंने केंद्र सरकार को ब्रिटिश राज से ज्यादा क्रूर बताया। इससे पहले आतिशी ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार केजरीवाल को मारने की साजिश कर रही है। अरविंद केजरीवाल 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में हैं। 18 अप्रैल को उन्होंने कोर्ट से अपने डॉक्टर से सलाह लेने और इंसुलिन की मांग वाली याचिका लगाई थी।


LICENCE NUMBER : CHARTERED ENGINEER (INDIA) - AM1964669, ICAS - 13072/18, UDYAM-BR-26-0014910
Now in
BOKARO
30 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ भारत के मशहूर ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार के बोकारो आगमन पर प्रदेशवासियों को
बधाई !
ज्योतिषी संतोषाचार्य जी
चार्टर्ड अभियंता (सिविल) एवं ज्योतिष विशारद, हस्तरेखा प्रवीण तथा वास्तु आचार्य
[द इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजिनियर (भारत) एवं भारतीय ज्योतिर्विज्ञान परिषद, चेन्नई]
ASTROLOGICAL SCIENCE AND RESEARCH INSTITUTE INDIA
ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान TM
ज्योतिष एवं वास्तु उपाय से होगी जीवन की सुरक्षा
ज्योतिष में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं जिन्हें करने से तुरंत ही लाभ मिलता है फिर चाहे समस्या कितनी भी बड़ी क्यों न हो....
"संसार मे सभी बालक से लेकर वृद्ध तक, अशिक्षित से शिक्षित तक, स्त्री-पुरुष, अमीर-गरीब, व्यापारी-कर्मचारी, मजदूर-किसान, शासक-प्रशासक सभी वर्ग के लोग अपना भविष्य जानने की तीव्र उत्कंठा रखते है। यहाँ तक कि सभी का त्याग किये हुए अरण्य में रहने वाले मुनिजन भी अपना भविष्य जानने के लिए उत्सुक रहते है, तो फिर साधारण मनुष्य की क्या बात है ? और उनकी यह जिज्ञासा शान्त करता है, ज्योतिषशास्त्र .... केवल ज्योतिषशास्त्र !"
जन्मकुंडली निर्माण एवं विश्लेषण
वैवाहिक समस्या
कैरियर समाधान
हस्तरेखा विश्लेषण
वास्तु समाधान
कई सज्जनों ने अपनी प्रतिक्रियायें दी हैं...
CALL FOR APPOINTMENT
+91 99343 24 365
/astrosantosha
asriindia.com
Gopindu Bhawan, Infront of Chas Block Office, Near SBI ATM, Chas, Bokaro, Jharkhand - 827013

## संक्षिप्त समाचार

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगरी के विवेक को जिले मे 7वां रैंक



**डुमरी**। उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगरी के छात्र विवेक कुमार मंडल ने मैट्रिक की परीक्षा में जिला में सातवां स्थान हासिल किया है। उसे 95 प्रतिशत अंक मिले हैं। विवेक के पिता दिलीप मंडल व्यवसायी और माता गृहणी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश महतो ने बताया कि मैट्रिक की परीक्षा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगरी के छात्र-छात्राओं का कुल उत्तीर्ण 91 फिसदी रहा। इस परीक्षा में विद्यालय के 114 विद्यार्थियों ने प्रथम, 82 विद्यार्थियों ने द्वितीय और 5 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। तन्नु कुमारी ने 93.80 फिसदी,कुमकुम कुमारी ने 93.60 फिसदी,अनमोल कुमार वर्मा ने 92.40 फिसदी,कोमल कुमारी ने 91.20 फिसदी, साजन कुमार ठाकुर ने 89.60 फिसदी, चांदनी कुमारी ने 87.40 फिसदी, गौरी कुमारी ने 86.80 फिसदी, गौतम राम ने 86.60 फिसदी और आशिया परवीन ने 86 फिसदी अंक हासिल कर अपने विधालय,परिवार का नाम रोशन किया है।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन बड़कागांव में 23 अप्रैल को मनाएगी दानवीर भामाशाह जयंती- आशीष कुमार साव



**बड़कागांव**। बुधवार को रुकमणी भवन (आशा बाजार) राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला उपाध्यक्ष अशोक साव की अध्यक्षता में अयोजित की गई। बैठक का संचालक जिला मिडिया प्रभारी आशीष कुमार साव द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य भव्य रूप से भामाशाह जयंती मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगो ने 23 अप्रैल को रुकमणी भवन में ही दानवीर भामाशाह जयंती मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। इस जयंती मैं समाज के जिला के इकाई और प्रखंड के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रुप से राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन कुंजबिहारी साव, जिला महासचिव कौलेश्वर साव, जिला प्रभारी रामविलास साव,रामगढ़ जिला प्रभारी गणेश प्रसाद साव, पंकज कुमार, विमल प्रसाद, करीम साव इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय टॉपर को जिप सदस्य ने किया सम्मानित



**डुमरी**। पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के छात्र संजय कुमार मैट्रिक परीक्षा में 91.4 फीसदी अंक लाकर अपने विद्यालय में टॉपर बने।रविवार को जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने विद्यालय टॉपर संजय कुमार को श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे की पढ़ाई में हरसंभव मदद करने की भरोसा दिया,इस दौरान जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने कहा कि लक्ष्मणटुंडा निवासी संतोष साव के पुत्र संजय कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में अपने विद्यालय से टॉपर होने पर अपने माता पिता के साथ साथ लक्ष्मणटुंडा पंचायत का भी नाम रोशन किया है,जिप सदस्य ने कहा कि खुशी तो तब होती है जब हम जैसे गरीब परिवार एवं मजदूर का बेटा बेटी अपने मेहनत से अच्छी रैंक हासिल करता है,अवगत करा दे कि छात्र संजय कुमार के पिताजी प्रवासी मजदूर हैं और मुंबई में मजदूरी का काम करते हैं एवं माता गृहणी है।

### मुरहू में 960 ग्राम अफीम और 65 किलोग्राम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

**खूंटी**। मुरहू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को मुरहू के जाते मधुटोली गांव निवासी विलियम बोदरा के घर में छापामारी कर घर में छुपा कर रखी गई 960 ग्राम अवैध अफीम और 65 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया। मौके पर आरोपित विलियम बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी रविवार को खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरहू थाना क्षेत्र में चलाई गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ देसी शराब बरामद की गई। मौके पर बाइक सवार युवक मुरहू के पसराबेड़ा गांव निवासी पोगरो मुंडा (35 ) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी अभियान में मुरहू थाना प्रभारी गोडवीन केरकेट्टा, एसआई रोशन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### महावीर जयंती पर खूंटी में निकली शोभायात्रा, भगवान को कराया गया नगर भ्रमण

**खूंटी**। जैन समाज खूंटी द्वारा रविवार को पूरे भक्ति भाव के साथ महावीर जयंती मनाई गई। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, दया की भावना हृदय में डालने ये पर्व हमें सीखता है। जैन समाज के लोगो द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ महावीर जयंती की शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजा की टीम के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष भजन कर रहे थे। जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद वापस जैन मंदिर पहुंची जहां भगवान की अभिषेक के साथ पूजा की गई। शाम में सामूहिक महा आरती के साथ भगवान महावीर के संदेशों को बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शेखर चंद जैन, प्रकाश चंद जैन, अरविंद जैन, अशोक जैन, बंटी जैन का योगदान रहा।

### समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदीः दिनेश बाउरी

**खूंटी**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत एवं गैर जमानतीय वारंट्स तथा प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के बारे जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में चल रहे अपने-अपने सभी वादों की जानकारी रखना आपका हक है। आपको निःशुल्क न्याय पाने का हक है, बशर्ते आप लेने के लिए हमेशा आगे बढ़े और जागरूक रहें। उन्होंने कैदियो से आग्रह किया कि समय का सदुपयोग करते हुए समय-समय पर पढ़ने लिखने की भी आदत डालें, जो निकट भविष्य में आगे बढ़ाने में आपको मदद करेगी। कार्यक्रम में एलएडीसी असिस्टेंट अमरदीप कुमार ने कैदियों को योग्य अधिवक्ता प्राप्त अधिकार के बारे में जानकारी दी।

## बोकारो स्टील लिमिटेड को 250 एमवीए अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराएगा डीवीसी





**राष्ट्रीय मुख्यधारा। चंद्रपुरा**

भारतीय इस्पात प्राधिकार लिमिटेड (सेल) की इकाई बोकारो स्टील लिमिटेड ( बीएसएल) को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) 250 एमवीए की अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि इस संबंध में डीवीसी और बीएसएल के बीच एक समझौता हो गया है और शनिवार को बोकारो स्टील सिटी में उनके बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। वर्तमान में डीवीसी बीएसएल, सेल को 220 एमवीए बिजली की आपूर्ति करता है और एमओयू के अनुसार अतिरिक्त आपूर्ति 2027-28 से शुरू होगी। सूत्रों ने बताया कि उक्त समझौता बीएसएल के आसन्न विस्तार के कारण अतिरिक्त बिजली की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है.

डीवीसी विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थापित की जा रही अपनी आगामी ब्राउन फील्ड थर्मल पावर परियोजनाओं से बढ़ी हुई मांग को पूरा करेगा। डीवीसी की ओर से, सदस्य (वित्त) अरूप सरकार, कार्यकारी निदेशक (वाणिज्यिक) संजीव श्रीवास्तव, ईडी (सिस्टम) डीके सिंह, ईडी (वित्त) जॉयदीप मुखर्जी इस अवसर पर उपस्थित थे, जबकि बीएसएल की ओर से, ईडी ( वर्क्स), ईडी (परियोजनाएं) और ईडी (वित्त) के अलावा दोनों पक्षों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

## रांची उलगुलान महारैली में संजीव बेदिया समेत सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल



**राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव**

रांची प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया उलगुलान महारैली में झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक हजारीबाग संजीव कुमार के नेतृत्व व बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह की संचालन में सैकड़ो कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए।

इंडिया गठबंधन जिंदाबाद हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा झारखंड झुकेगा नहीं के नारों के साथ लोग रांची पहुंचे व रैली में शामिल हुए।

मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,झमन प्रसाद ,जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां, शंकर साव,प्रखंड सचिव सरोज मेहता, संजय करमाली, विवेक वर्मा,सुरेश यादव धीरेंद्र पासवान ,चूरामन गंझू,पवन तुरी नंदकिशोर भुईयां, बसंत ठाकुर, दीपन साव ,राजेंद्र भुइयां आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## जियो और जीने दो के उद्घोष के साथ जैन विद्यालय के बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी**



विश्व को सत्य,अहिंसा और शांति का संदेश देने वाले जैनियों के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया।पीएनडी जैन उच्च विद्यालय व पीएनडी जैन मध्य विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली।यह प्रभात फेरी विद्यालय प्रांगण से निकलकर महिला आश्रम,पारसनाथ स्टेशन,अहिंसा चौक,शिवाजी नगर होते हुए वापस जैन कोठी पहुंची। मध्य विद्यालय के नन्हें बच्चों ने हाथों में तख्तियां ली हुई थी जिसमें भगवान् महावीर के उपदेश लिखे हुए थे।बच्चे नारे लगाते हुए चल रहे थे 'भगवान् महावीर का संदेश-जियो और जीने दो,त्रिशला नंदन वीर की जय बोलों महावीर की,एक दो तीन चार जैन धर्म की जय-जयकार,नौ दस ग्यारह बारह,जैन धर्म का बजा नगाड़ा।प्रभात फेरी का नेतृत्व जैन मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनिल कुमार जैन,जैन उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार यादव शिक्षक डॉ विवेक जैन कर रहे थे।जैन उच्च विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका संगीता जैन शिक्षक देवेश कुमार देव,रजत जैन,रुपलाल प्रसाद मंडल,सुब्रत कुमार सामंत,दयानंद कुमार,डॉ. विवेक जैन,संजीव कुमार जैन,वैभव रानी, अंकित जैन,नेम कुमार जैन,राजेश ठाकुर,महेश कुमार, जितेन्द्र सिन्हा,विनोद कुमार,शक्ति महतो,महेश साव, ममता कुमारी,निक्की कुमारी,अशोक कुमार सिन्हा, एतवारी महतो,धनेश्वर महतो इत्यादि प्रभात फेरी में शामिल थे।

## अपने सुख और दुख के जिम्मेदार हम स्वयं : समणी मधुर प्रज्ञा जी

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो**



जैन मिलन केंद्र में भगवान महावीर की 2623 वीं जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम विश्व शांति दूत आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी, समणी शुभ प्रज्ञा जी, समणी मनन प्रज्ञा जी के सानिध्य में संपन्न हुई। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने समणीवृंद एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान महावीर के संदेश द्वारा ही हम मानवता की सेवा कर सकते हैं। बैद ने कहा कि आज महावीर की वाणी हमारे जीवन में सुख और समृद्धि ला सकती हैं। इसके पूर्व, अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भगवान महावीर के भजनों पर बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जैन समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने भी प्रदूषण पर एक नाटिका का मंचन किया। समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि भगवान महावीर की आराधना के साथ भगवान महावीर के संदेश को भी अपने जीवन में उतारना होगा, आत्मसात करना होगा। भगवान महावीर की कथनी और करनी में अंतर नहीं था। उन्होंने त्याग, तप और संयम का जीवन जिया। इस अवसर पर जैन समाज के एवं जैन पब्लिक स्कूल के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील बैद ने किया। जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समणी जी एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर संपत मल बैद, बिनोद चोपड़ा, मदनचंद चोरड़िया, श्याम सुंदर जैन, सुभाष जैन, अजय लुंकड, विपुल मेहता, प्रकाश कोठारी, मनीष जैन, संजय जैन, प्रवीण जैन, जयचंद बांठिया, विकास जैन, आकाश जैन, कमल जैन, अंकित जैन,केतन मेहता, बजरंग लाल चोरड़िया, अंकित चोपड़ा, चंदन बांठिया, आनंद कोठारी, पीयूष जैन, ध्रुव, जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मृत्युंजय सहाय सहित सभी शिक्षक, चास, बोकारो, झालदा एवं बंगाल स्थित जयपुर से आये जैन समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## अपनी परंपरा और पर्यावरण की हर हाल में रक्षा करें : कोचे मुंडा

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। खूंटी**

अखिल भारतीय सरना समाज के तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। पाहनों की देखरेख में शांति नगर स्थित सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की। पूजा अनुष्ठान में भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। सरहुल महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कोचे मुंडा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने विभिन्न गांवों से पहुंचे पाहनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा अर्चना के बाद प्रखंड मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा तक गई, जहां प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोचे मुंडा ने कहा कि आज दु'ख-विपत्ति क्यों आ रही है, क्योंकि हम अपनी परंपरा को छोड़ते जा रहे हैं और प्रकृति का संरक्षण नहीं कर रहे हैं।

**अब तक लगभग 175 लोगों की अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी मुहैया कराया**

## श्मशान घाट सेवा समिति समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव**



बड़कागांव में संचालित श्मशान घाट सेवा समिति, समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है। अब तक लगभग 175 शवों की अंतिम संस्कार के लिए लोगों के बीच निशुल्क लकड़ी मुहैया कराई है। पिछले कुछ वर्षों में प्रखंड में लाश जलाने के लिए लकड़ी की समस्या देखी जा रही थी । इस समस्या का समाधान के लिए श्मशान घाट सेवा समिति का निर्माण 2 वर्ष पूर्व 2022 में की गई थी। जो धरातल पर अब तक समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाली समिति के रूप में सामने उभर कर आने लगी है। यह समिति बड़का गांव प्रखंड के बुद्धिजीवी प्रबुद्ध जनों के द्वारा निर्माण कराया गया है। जिसमें सदस्य लोग श्मशान घाट सेवा समिति के बैंक खाते में आंशिक सहयोग राशि देकर, पुण्य के भागी बनते हैं। इसी राशि से लकड़ी की खरीदारी होती है और लोगों को अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी मुहैया कराई जाती है। जिसमें कई लोग आशिक सहयोग राशि देकर पुण्य के भागी भी बनते हैं। उक्त कार्य में श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंहा, सचिव सुभाष सिंह, केनरा बैंक मैनेजर शशि कुमार बागे, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, बड़कागांव पूर्व रेंजर छोटेलाल साहू, पूर्व थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,प्रवीण कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सहेश कुमार, संदीप कुशवाह, विष्णु रजक, , के अलावा कई विशिष्ट लोग श्मशान घाट सेवा समिति जुड़े हुए हैं और संस्था को सहयोग करते आ रहे हैं।

## आग लगने से चार घर जले, लाखों का हुआ नुकसान



**राष्ट्रीय मुख्यधारा। कोडरमा**

जिले के मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गगरेसिंगा में रविवार देर शाम को आग लगने से घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते घरों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग की खबर सुन कर गांव के ग्रामीण जमा हो गये। आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आसपास में न तो चापानल था और न ही तालाब। घर के बगल कुआं था लेकिन सूखा था। चल रही पछुआ हवा के कारण आग भड़क गयी थी। विकराल रूप देख कर ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन वाहन गांव तक पहुची परन्तु रास्ता संकीर्ण रहने के कारण वाहन घटनास्थल पर नही पहुंच पाई। ग्रामीणों ने कडी मशक्कतके बाद आग पर काबू पाया। वरना कई और घर जल कर राख हो जाता। घटना में चार परिवार केदार साव, गिरजा देवी, माया देवी, सकुन्तला देवी का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिजनों ने बताया कि घर में रखे हजारों रुपये नकद समेत गहना, कपड़ा खाने पीने की सामग्री आदि सामान जलकर राख हो गया और लाखों रुपये की संपत्ति जल गयी।

## महिला उत्थान संगठन ने 135 जोड़े का कराया विवाह



**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

जगन्नाथपुर के लटमा में रविवार को महिला उत्थान संगठन ने 135 कन्याओं का विवाह करवाया। ये कन्याएं वो हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं। विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्यातिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सभी 135 कन्याओं को उपहार स्वरूप एक-एक वस्त्र और जेवर प्रदान किए। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि वे भी स्वयं कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह अपने खुद के खर्चे पर करवा चुके हैं। ऐसे सामाजिक कार्यों में आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ऐसे वर्ग की कन्याएं जिनके माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

## हिम्मत थी तो पिछले पांच साल का रिपोर्ट कार्ड देते : डॉ गुरु प्रकाश पासवान

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में हिम्मत थी तो आज की रैली में पिछले पांच वर्ष का रिपोर्ट कार्ड देते। जनता को बताते कि पिछले 5 साल में उन्होंने झारखंड के लिए क्या किया है। पिछले पांच साल में उनके द्वारा किए गए दावे और वादे सब खोखले रहे। उन्होंने पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हर साल एक जेपीएससी कराने की बात कही थी। सरकार के मंत्री का कहना है कि अब तक झारखंड में महज जेपीएससी से 400 नीतियां हुई है। उन्होंने कहा कि उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं था। यही कारण है कि नकारात्मकता के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। वे हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में रविवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रैली में मंच साझा करने वाली पार्टियां का भी यही हाल है। उन्होंने कहा कि मंच साझा करने वाली पार्टियां झारखंड की निर्माता नहीं क्रेता और विक्रेता रही हैं। आदिवासी हित की बात इनके मुंह शोभा नहीं देती है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बेटी के बैठने के पर भी उनके नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहा गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आदिवासी बेटी को दिया गया सम्मान सहन नहीं हुआ। डॉ पासवान ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सामाजिक न्याय और संविधान की बात करते हैं। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद ही वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान और हक मिला है। आरक्षण लागू हुआ है। उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। बिहार के तेजस्वी यादव सामाजिक न्याय की बात करते हैं आम जनता इस बात को नहीं भूली है कि लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा उन्होंने कहा कि यहां ड्यूटी सभी पार्टियों में सिर्फ परिवारवाद है बिहार में मुख्यमंत्री लालू बनेंगे। अवसर मिलने पर पत्नी राबड़ी देवी नेता प्रतिपक्ष बनेगी। दोनों बेटा उपमुख्यमंत्री बनेंगे। बेटी राज्यसभा जाएगी। इस बार मौका मिला तो फिर बेटी को ही लोकसभा चुनाव लड़ा रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा को देख लें। स्थापना के बाद से अब तक यह पार्टी परिवार से बाहर नहीं निकली है। आम आदमी पार्टी का भी यही स्थिति है। अरविंद केजरीवाल ही शुरू से अब तक उसके मुख्य संयोजक बने हुए हैं।भारतीय जनता पार्टी वादे के अनुरूप हर वर्ग का विकास की है। मोदी जी के सप्ताह में आने के बाद डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया। उनसे जुड़े हर स्थान को तीर्थ का दर्जा दिया है। सामाजिक न्याय की बात करने वाली कांग्रेस जगजीवन राम, सीता राम केसरी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी अपमान की है। डॉ अंबेडकर को सत्ता में रहते भारत रत्न नहीं दिया। कांग्रेस शुरू से सनातन विरोधी रही है। तुष्टीकरण है इनका ध्येय रहा है। आतंकियों के मारे जाने पर उसे सहित का दर्जा दे रहे हैं। डॉ पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल का घोटाला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर यह दोनों जेल में है।

## संक्षिप्त समाचार

### दामाद के साथ मारपीट करने का आरोपी ससुर गिरफ्तार

**गुमला/रायडीह, एजेंसी।** रायडीह थाना क्षेत्र के जमगाई गोसाईकोना में ससुर दमाद मे हुए मारपीट को लेकर आरोपी ससूर बिरसू प्रधान को रायडीह पुलिस गिरफ्तार कर शुक्रवार को गुमला जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामनवमी के दूसरे दिन गोसाईकोना गांव मे नशा के हालत में दमाद और ससुर के बीच बकझक हुआ था। जिससे आक्रोशित हो ससुर बिरसू प्रधान ने दमाद को लाठी से सिर मे वार कर अधमरा कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर आरोपी बिरसू प्रधान को हिरासत मे लिया और घायल दमाद को बेहतर ईलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

### बसिया में आदिवासी एकता मंच की बैठक

**बसिया, एजेंसी।** आदिवासी एकता मंच की बैठक शनिवार को कोनबीर सरहुल मैदान में आयोजित हुई। बैठक में बसिया अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम प्रधान, मुंडा मानकी, पाहन पुजार व ग्राम स्तर के सदस्य शामिल हुए। मौके पर संरक्षक शशिकांत भगत ने कहा कि आदिवासियों को गठबंधन के साथ जाने को जरूरत है चमरा लिंडा आदिवासी समाज को बरगला कर वोट में सेंधमारी कर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। सभी आदिवासियों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होने कहा कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव में आदिवासी विरोधी ताकतों के खिलाफ वोट करने का निर्णय लिया गया। बैठक को सुकरात उरांव, अजीत गुड़िया, सुजीत टेटे, मुखिया फिलिसिता टोप्पो, पूर्व प्रमुख ओरियानी बड़ा, जॉन फेड्रिक, कार्तिक भगत, सुगाड़ टोपनो, कल्याण टोपनो, ज्योति कुजूर जसिंता केरकेट्टा आदि वक्ताओं ने संबोधन किया।

### जोरापोखर के जीतपुर में शहीद के घर पहुंचीं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शनिवार को जामाडोबा जीतपुर निवासी शहीद नायक प्रज्ञानंद सिंह के आवास पहुंची। शहीद के पिता गजेंद्र सिंह, मां सुनैना देवी ने पुत्र ने उन्हें घटना की जानकारी दी। उन्होंने परिजन से मिलकर उनके सुख-दुख में हर तरह का सहयोग देने की बात कहीं। उनके साथ संतोष महतो, पिंटू तुरी सहित दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे थे। सनद हो कि जम्मू-कश्मीर के उद्दमपुर में 6 अप्रैल को गश्ती के दौरान खाई में गिरने से मौत हो गई थी।

### धनबाद स्टेशन पर यात्रियों को उपलब्ध करा रहे सस्ता भोजन

**धनबाद, एजेंसी।** आईआरसीटीसी धनबाद स्टेशन पर यात्रियों को 20 रुपये और 50 रुपये में किफायती दर पर भोजन का पैकेट उपलब्ध करा रहा है। ट्रेनों के आने के टाइम पर आईआरसीटीसी के कर्मी फूड स्टाल से दूर लगने वाले कोच के पास अस्थाई स्टाल लगा भोजन का पैकेट व ठंडा पानी का बोतल भी दिया जा रहा है। ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए और यात्रियों की सुविधा के लिए आरपीएफ विशेष रूप से निगरानी कर रहा है।

### हमारा उद्देश्य तानाशाही को समाप्त करना है, सीएम चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान रैली की तैयारियों का जायजा लेने के बाद शनिवार के दोपहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य इस देश से तानाशाही को समाप्त करना है। आप लोगों ने देखा है कि कैसे लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं। जिसके नाम पर हम लोगों ने सरकार बनाई है उसे साजिश के तहत फंसाकर जेल भेज दिया गया है। ऐसा ही कांड नई दिल्ली की सरकार के साथ भी हुआ है। इस रैली का मकसद देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना भी है। पहले दिल्ली में सरकार को गलत तरीके से हटाया गया। झारखंड में भी ऐसे ही प्रयासों को देखकर झामुमो को नेतृत्व में परिवर्तन का निर्णय लेना पड़ा। जरा सोचिए, जिस चेहरे को दिखाकर हमें बहुमत मिली वही सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई और झारखंड कैबिनेट में मंत्री बसंत सोरेन ने शनिवार को उलगुलान रैली को लेकर प्रभात तारा स्कूल के मैदान में तैयारियों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब-जब झारखंड की जनता का शोषण हुआ है, यहां उलगुलान हुआ है। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कुछ लोगों को उलगुलान नाम पर विरोध है और कहा कि जब-जब झारखंड की जनता के साथ शोषण हुआ है, तब-तब उलगुलान हुआ है।

### बच्चों ने दादा-दादी व नाना-नानी की पूजा कर उतारी आरती

**जमशेदपुर, एजेंसी।** शास्त्रीनगर ब्लॉक- 4 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों ने दादा-दादी, नाना-नानी के चरण धोकर एवं आरती उतार कर उनकी पूजा की और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर सिन्हा एवं प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत गाए। प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों में बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने के उद्देश से कार्यक्रम किया गया है। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानियों को तिलक कर उनकी आरती उतारी और उन्हें मिष्टान्न खिलाया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर सिन्हा एवं प्रधानाचार्य ने सभी बुजुर्गों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

न्याय रैली पर आरोप-प्रत्यारोप

# सनातन विरोधी और आदिवासी विरोधी को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन में चले बयानों के बाण

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि इंडी गठबंधन की रैली में झारखंड विरोधी, आदिवासी विरोधी, देश विरोधी व सनातन विरोधी एक मंच पर होंगे। ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के बारे में अपमानजनक शब्द बोले। सनातन धर्म की तुलना डेंगू से की।

गठबंधन के बड़े नेता कहते हैं कि लोग मंदिरों में लड़कियां छेड़ने जाते हैं। पर, अन्य धर्म के बारे में कुछ नहीं बोलते। इस रैली में शामिल होनेवालों में झामुमो ने झारखंड आंदोलन बेचा था, जबकि कांग्रेस ने पैसे के बल पर आंदोलन को समाप्त किया था। शनिवार को प्रेस वार्ता में मरांडी ने दावा किया कि अगर अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री नहीं होते, तो आज झारखंड अलग राज्य नहीं बनता। आदिवासियों के विकास, उन्हें सम्मान देने और राज्य को विकास के पथ पर ले जाने का काम भाजपा ने किया है।





मरांडी ने कहा है कि आदिवासी जमीन के लुटेरों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए। उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमींदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोध में हुआ था। आज इंडी गठबंधन उलगुलान का राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी की जमीनों को कब्जा कर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग भगवान बिरसा मुंडा का अपमान है। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के दलदल में धंसे हेमंत सोरेन को बचाने के लिए यह रैली हो रही है। पिछले 4 साल के कार्यकाल में हेमंत ने आदिवासी समाज के मान, सम्मान और पहचान को न सिर्फ धूमिल किया है, बल्कि आदिवासी धरोहरों को नष्ट कर उनके संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा।

उनकी जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा किया। जिस आदिवासी समाज के हितों का दिखावा कर, झूठे सपने दिखाकर हेमंत ने खुद को सत्ता पर काबिज किया था, वही हेमंत आज आदिवासी समाज की जमीनों को निगलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सनातन विरोधी का इल्जाम लगा रही है, जबकि गोकशी वाली कंपनी से इलेक्ट्रॉल बांड के नाम 250 करोड़ का चंदा लिया। अभी मुद्दा यह नहीं है कि कौन सनातन विरोधी या आदिवासी विरोधी है। अभी तो मुद्दा है महंगाई और बेरोजगारी। भाजपा के दस साल के शासन में हर साल दो करोड़ लोगों को नौकरी मिली या नहीं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान चारों शंकराचार्यों ने यह तय कर दिया कि कौन सनातन विरोधी है।

ठाकुर ने कहा कि भाजपा झारखंड को लूटने और बेचने का आरोप लगाती है। भाजपा के शब्द कोष में झारखंड शब्द था ही नहीं। भाजपा ने तो वनांचल नाम दिया और आदिवासियों को वनवासी। ऐसे में आदिवासी विरोधी और आदिवासियों को अपमानित करने वाला कौन है। यह जनता जानती है।

राजेश ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण झारखंड नामधारी पार्टियों व कांग्रेस ने किया। जिस तरह से घर बनाने के लिए ईंट, बालू, सीमेंट और मजदूर का इंतजाम किया जाता है। वह इंतजाम इन्हीं दलों ने किया। भाजपा तो गृह प्रवेश के नाम पर झारखंड को हथियाने का प्रयास किया। 17 साल तक भाजपा ने झारखंड में राज किया। लेकिन, अब भाजपा को यहां राज करने का मौका नहीं मिलेगा। इसलिए, भाजपाई बौखलाए हुए हैं और अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। यहां की जनता इसबार सबकुछ बदल कर रख देगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के निशाने पर विपक्षी दलों के ही नेता हैं। 90 फीसदी विपक्ष के नेताओं या गैर भाजपाई दलों के नेताओं के यहां ही छापे पड़ते हैं।

## रांची से भागलपुर के बीच चलेगी एक और ट्रेन

**रांची, एजेंसी।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08014/08013 रांची – भागलपुर – रांची साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08014 रांची – भागलपुर समर स्पेशल 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को रांची से प्रस्थान करेगी। कुल दस ट्रिप ट्रेन का परिचालन होगा। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान ( गुरुवार ) 23-25 बजे, मुरी आगमन 00.30 बजे, प्रस्थान 00.32 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01.40 बजे, प्रस्थान 01.45 बजे, धनबाद आगमन 03.45 बजे, प्रस्थान 03.50 बजे, जसीडीह आगमन 06.47 बजे, प्रस्थान 06.49 बजे, किउल आगमन 09.02 बजे, प्रस्थान 09.04 बजे एवं भागलपुर आगमन ( शुक्रवार ) 12.00 बजे होगा। वहीं ट्रेन संख्या 08013 भागलपुर – रांची समर स्पेशल 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को भागलपुर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का भागलपुर प्रस्थान ( शुक्रवार ) 14.30 बजे, किउल आगमन 16.55 बजे प्रस्थान 17.00 बजे, जसीडीह आगमन 19.35 बजे, प्रस्थान 19.40 बजे, धनबाद आगमन 22.55 बजे, प्रस्थान 23.00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01.00 बजे प्रस्थान 01.05 बजे, मुरी आगमन 02.10 बजे प्रस्थान 02.12 बजे एवं रांची आगमन (शनिवार) 03.30 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी का 01 कोच, जनरेटर यान का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 06 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 07 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 06 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर के 01 कोच होंगे।

## 10वीं के बाद 10 दिनों में ही घोषित हो जाएंगे 12वीं के नतीजे भी

**रांची, एजेंसी।** झारखण अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए इस साल फरवरी में आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 को घोषित कर दिए। जैक अध्यक्ष ने परीक्षाफल जारी करते हुए 12वीं कक्षाओं के नतीजों की भी जानकारी साझा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखण्ड बोर्ड इंटर परीक्षाफल की घोषणा भी अगले 10 दिनों में कर दी जाएगी।

ऐसे में झारखण्ड बोर्ड से इंटर की परीक्षाओं में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राएं जल्द ही अपना परिणाम देख पाएंगे। इसके लिए स्टूडेंट्स को जैक रिजल्ट पोर्टल पर विजिट करना होगा। इसके बाद जैक 12वीं रिजल्ट लिंक पर क्लिक करना होगा। फिर नये पेज पर स्टूडेंट्स अपना रोल नंबर और रोल कोड की डिटेल भरकर सबमिट करके अपना परिणाम देख सकेंगे। साथ ही दिए गए लिंक से अपनी मार्कशीट का प्रिंट-आउट भी ले सकेंगे। बता दें कि झारखण्ड बोर्ड द्वारा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन इस साल 6 फरवरी से 26 फरवरी तक किया गया था। परीक्षाओं के समापन के बाद जैक द्वारा इन परीक्षाओं में सम्मिलित हुए लाखों स्टूडेंट्स की कॉपियां की जांच का काम पूरा किया गया। इसके बाद अब बारी-बारी से नतीजे घोषित किए जा रहे हैं, जिन्हें आमतौर पर मई-जून में जारी किया जाता था। हालांकि, इस बार हो रहे लोक सभा चुनावों के मद्देनजर परिणाम जल्दी घोषित किए जा रहे हैं।

# हेमंत सोरेन मामले में सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में भेजा, ईडी ने 12 दिनों तक रिमांड पर की ये पूछताछ

**रांची, एजेंसी।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन को 12 दिनों तक रिमांड पर पूछताछ के बाद ईडी ने शनिवार को रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत के आदेश पर ईडी ने सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में भेज दिया है।

सद्दाम हुसैन गत वर्ष 14 अप्रैल 2023 को सेना के उपयोग वाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार हुआ था। उसके बाद से ही वह जेल में था। उस वक्त बड़गाई अंचल का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद भी पकड़ा गया था, जिसके आवास से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिले थे।

इसके बाद बड़गाई अंचलाधिकारी के बयान पर भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध एक जून 2023 को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। ईडी ने रांची के सदर थाने में भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध दर्ज कांड में ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच की तो पाया कि बरियातू की 8.86 एकड़ भुइहरी प्रकृति की भूमि को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हड़पने की कोशिश की।



इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। हेमंत सोरेन के बाद पहले से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन, अफसर अली को इस केस में भी ईडी ने गिरफ्तार किया। सद्दाम हुसैन को इस केस में नौ अप्रैल को ईडी ने गिरफ्तार दिखाते हुए रिमांड पर लिया था, जिससे 12 दिनों तक पूछताछ हुई है।

12 दिनों तक पूछताछ के दौरान सद्दाम ने ईडी को बताया है कि हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लाट का जाली दस्तावेज उसने अपने सहयोगी अफसर अली, झामुमो नेता अंतु तिर्की, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय आदि के साथ मिलकर तैयार किया।

इसमें रुपयों के लेन-देन भी हुए और सद्दाम ने किसको कितनी राशि का भुगतान किया, इसके बारे में भी ईडी को जानकारी मिल गई है। अब ईडी एक-एक कर सबको समन करेगी और पूछताछ के लिए बुलाएगी। वर्तमान में ईडी की रिमांड पर पांच अन्य आरोपित हैं, जिनसे 22 अप्रैल तक पूछताछ होनी है। इन आरोपितों में झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी विपिन सिंह, अफसर अली, प्रियरंजन सहाय व इरशाद शामिल हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े केस में इन सभी को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ जारी है।

ईडी के दूसरे समन पर भी जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा शनिवार को ईडी के सामने उपस्थित नहीं हुए। ईडी ने उन्हें समन कर पत्नी सहित ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित कार्यालय में बुलाया था। उन्होंने ईडी के सामने उपस्थित नहीं होने के पीछे के कारणों को भी नहीं बताया है।

# झारखंड के 14 जिलों में लू का अलर्ट : बंगाल की खाड़ी में बन रहा लो प्रेशर, 22 अप्रैल से मिलेगी गर्मी से थोड़ी राहत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में गर्मी का कहर जारी है। पिछले 24 घंटे में कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा सबसे अधिक गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में उत्तर-पश्चिम की ओर से गर्म हवा चल रही है। इससे चिलचिलाती धूप निकले के साथ साथ लोगों को तीखी गर्मी महसूस हो रहा है। मौसम विभाग ने 14 जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि, 22 अप्रैल से बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बनेगा, जिससे राज्य में बादल छा सकते हैं। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।



**इन जिलों में लू का यलो अलर्ट**

मौसम विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, रांची, पलामू, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में तापमान में बढ़ोतरी और गर्म हवा चलने की संभावना जताई है। लू की स्थिति को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि अगर जरूरत न हो तो अनावश्यक धूप में न निकलें। नियमित रूप से पानी पीते रहें।

**वज्रपात और हल्की बारिश की संभावना**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 23 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला में वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है। जबकि, राजधानी रांची में बादल छाए रह सकते हैं। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। लेकिन 24 और 25 अप्रैल को एक बार फिर तापमान में वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 15 जून तक गर्मी बेहद सताएगी। अधिकतम तापमान में हर दिन बदलाव होगा। बहरागोड़ा के बाद सरायकेला जिला है, जहां अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। साहिबगंज, रांची, लातेहार जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार होने की संभावना है।

## उलगुलान महारैली में जुगसलाई से शामिल होंगे 5 हजार कार्यकर्ता

**जमशेदपुर, एजेंसी।** इंडी गठबंधन की ओर से 21 अप्रैल को रांची में उलगुलान महारैली का आयोजन किया जा रहा है। महारैली को सफल बनाने के लिए तमाम विधायक अपने इलाके के लोगों से संपर्क कर महारैली में भाग लेने की अपील कर रहे हैं। शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने रैली की तैयारियों के लिए बैठक की। बैठक में विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार सरकार ने आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश कर जेल भेज दिया है।

इसके खिलाफ उलगुलान का आयोजन किया जा रहा है। इस महारैली के माध्यम से झारखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस रैली में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से पांच हजार से अधिक लोग रांची पहुंचकर शामिल होंगे। मौके पर मनव्वर हुसैन, मिथुन चक्रवर्ती, पलटन मुर्मू, नागी मुर्मू, जितेंद्र सिंह, नीलम बाड़ा, गोविंदो महतो, विजय महतो, लखन मुर्मू, राम टुडू, रूस धिवर, मलिन मुर्मू मौजूद थे।

प्रदेश भाजपा महामंत्री आदित्य साहू ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन के नेता सनातन को गाली देकर वोट पाना चाहते हैं। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने वालों को सनातन के बारे में बोलने का अधिकार नहीं। पिछले लोकसभा चुनावों में सनातन प्रेमियों ने इंडी गठबंधन को औकात दिखाई थी, 2024 में भी उनका यही हाल होनेवाला है।

# झारखंड के गोड्डा में 16 घरों में लगी आग, कई जानवर झुलसे; लाखों की संपत्ति स्वाहा

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा जिला के मेहरमा प्रखंड के बलबड्डा थाना क्षेत्र के बड़ी धनकुड़िया गांव में दस व गोड्डा के बसंतराय थाना क्षेत्र के सोरायकित्ता गांव में छह घरों में आग लग गई। इससे लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गई। इस हादसे में कई जानवर झुलस गए। भुक्तभोगियों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

मेहरमा प्रखंड अंतर्गत बलबड्डा थाना क्षेत्र के बड़ी धनकुड़िया गांव में शनिवार को अचानक आग लग जाने से दस घर जल कर राख हो गया। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। धनकुड़िया गांव निवासी विशो तांती, शंभु तांती, रामसागर तांती, देवनारायण तांती, अरूण तांती, सिकन्दर तांती, जयराम तांती, काली तांती, अभिषेक तांती, पगला तांती का घर जल कर राख हो गया है। हालांकि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

इधर पीड़ित परिवारों ने बताया कि सुबह जलपान कर सभी लोग खेत एवं मजदूरी करने के लिए चले गये थे। तभी दोपहर के समय घरों से तेज लपटें उठने की बात ग्रामीणों ने बताई। इसके बाद सभी आग बुझाने में जुट गए। इधर काफी प्रयास के बाद बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाते तब तक सबकुछ जल चुका था। वहीं पगला तांती की दो गाय, एक बछड़ा, दो बकरी आग की चपेट में आने से काफी बुरी तरह झुलस गये। मेहरमा पशु चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार जारी है। आग लगने की सूचना मिलते ही मेहरमा बीडीओ सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे, राजस्व उप निरीक्षक सत्यनारायण रबानी आदि घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच की।




इधर बीडीओ अभिनव कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवारों को सरकारी लाभ उपलब्ध कराने के लिए नियम संगत प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लाभ अवश्य दिया जाएगा। धनकुड़िया पंचायत के मुखिया जंग बहादुर सिंह ने पीड़ित परिवारों को तत्काल पांच-पांच किलो चूड़ा गुड एवं जन वितरण प्रणाली की दुकानों से 10- 10 किलो चावल एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।

**सोरायकित्ता में शॉर्ट सर्किट से लगी आग**

वहीं गोड्डा जिला के बसंतराय प्रखंड के सोरायकित्ता गांव में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई।

# प्रवासी श्रमिक मतदान करने को इच्छुक, लेकिन आर्थिक हालात के कारण नहीं आ पा रहे झारखंड

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड के 1.70 लाख से अधिक निबंधित श्रमिक दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। अनिबंधित श्रमिक की संख्या इससे कई गुना ज्यादा है। मतदान प्रोत्साहन योजना के तहत जिलों के श्रम अधिकारी इनसे संपर्क कर मतदान में हिस्सा लेने का आग्रह कर रहे हैं। ये प्रवासी श्रमिक वोट देने झारखंड आना चाहते हैं। लेकिन सफर का महंगा खर्च उन्हें रोक रहा है।

श्रम विभाग ने एक सेल का भी गठन किया है। यह सेल प्रवासी श्रमिकों से बात कर रहा है। इस सेल ने दुमका जिले के करीब 1500 श्रमिकों को फोन किया और झारखंड आने का आग्रह किया। लेकिन अधिकतर श्रमिकों ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आने में असमर्थता जताई।

**श्रमिकों ने बताई पीड़ा... महंगा है सफर कैसे करें मतदान :** राहुल रॉय ने कहा-मैं वोट देने के लिए उत्सुक हूं। यह मेरा मौलिक अधिकार है। लेकिन आर्थिक संकट के कारण मैं ऐसा नहीं कर पाऊंगा। लेकिन महंगे सफर का खर्च उठाना मुश्किल है। राहुल दुमका जिले के मुर्गनी गांव के रहने वाले हैं और सिक्किम में रहते हैं। इसी तरह की मिलती-जुलती कहानी सूरत में डायमंड कंपनी में पॉलिश का काम कर रहे दुमका जिले के अजय कुमार ने कहा कि वोट देने की इच्छा तो है, लेकिन घर जाने के पैसे नहीं हैं।




**निर्वाचन अधिकारी की अपील-वोट डालने जरूर आएं :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हमने उन सभी लोगों से अपने गांव-शहर आने की अपील की है, जो नौकरी, रोजगार या पढ़ाई के सिलसिले में बाहर रहते हैं। दूसरे राज्यों में काम करने वाले श्रमिकों से भी घर आकर वोट डालने की अपील की है।

उन्होंने कहा-मेरा बेटा भी बाहर पढ़ रहा है। मैंने उसे भी वोट देने के लिए आने को कहा है। वहीं दुमका के श्रम अधीक्षक रमेश कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर वर्ग को शामिल होना चाहिए। इसलिए प्रवासी श्रमिकों से संपर्क किया जा रहा है।

## जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोडऩे पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की 'गारंटी हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

## पृथ्वी से ही जीवन है



**गिरीश्वर मिश्र**

पृथ्वी, धरती, वसुंधरा, भूमि आदि विभिन्न नामों से जाने जाने वाली सता को हजारों साल से माता कहा जाता रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में माताभूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः का उद्घोष मिलता है। माता के रूप में पृथ्वी जाने कब से मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि सभी जीवित प्राणियों यानी अपने आश्रितों का निर्व्याज भरण-पोषण करती आ रही है। माता का स्वभाव है कि वह स्वयं कष्ट सह कर भी अपना सारा प्रेम शिशुओं के ऊपर उड़ेलती रहती है क्योंकि वह अपनी संततियों को अपने अस्तित्व से अलग नहीं रखती। वे उसी के अभिन्न अवयव या अंश होते हैं । वैसे भी सारी दुनिया में जो कुछ भी स्थित है वह ईश्वर का आवास हैः ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित् जगत्यां जगत । इसलिए उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं बनता । तभी भारत के आदमी ने सोचा कि पृथ्वी पर जीवन सिर्फ़ बसता नहीं है । वह प्राण शक्ति है और वह उसी की बदौलत जीता है । हमारी भाषा, विचार और शरीर-रचना सब पर इस भूमि का अनिवार्य प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी प्राणियों के लिए आश्रय ही नहीं है वरन उसी से ही जीवन संभव हो पाता है। हम सब पृथ्वी के तत्वों से निर्मित होते हैं। मिट्टी की सबसे विलक्षण शक्ति उसकी उर्वरा क्षमता में निहित है। इस जीवनी शक्ति के चलते रूखे-सूखे बीज का रूपांतरण होता है, अंकुरित होकर वह बीज हरी-भरी घास, अन्न की लहलहाती फसल, नाना प्रकार के चित्ताकर्षक सुगंधित पुष्प, भाँति-भाँति के सुस्वादु रसीले फल वाले, औषधीय और अन्य क़िस्म के वृक्ष-वनस्पतियाँ आदि जानें क्या-क्या बन जाता है। धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ- कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से सम्बन्ध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गयी। भूमि को माता का दर्जा मिला। परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु - परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन ख़तरे में पड़ रहा है । हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं। प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेज़ी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है।उसे खोने का ख़तरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफ़ान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है। विकास को लेकर चिंतन में 'टिकाऊ विकास' के लक्ष्यों को पहचानना सराहनीय कदम था। पर उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का ख़तरा बढ़ रहा है। सभी देश पर्यावरण की रक्षा के लिए ज़रूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को स्वीकार न करके छूट लेने की फ़िराक़ में हैं। ग्रीनगैस के उत्सर्जन को लेकर आज जो हालात हैं उसमें यह स्थिति ख़ास तौर पर दिख रही है। अब पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। विडम्बना यह भी है कि इस वैश्विक पैमाने पर आ रही विपत्ति का नुक़सान अक्सर कम विकसित देशों को ही भुगतना पड़ता है। अनुमान है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम हो सकते हैं। आज प्रौद्योगिकी का जिस तेज़ी से विकास हो रहा है वह प्रकृति की संभावनाओं को कुंठित और करने वाला साबित हो रहा है । खेती में में रासायनिक खाद और कीटनाशकों आदि के विविध रूप विष की तरह मानव शरीर में पहुँच कर अनेक रोगों को जन्म दे रहे हैं। यही हाल आणविक ऊर्जा के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का भी है। वृक्षों आदि विभिन्न वनस्पतियों, मनुष्य और अन्य जीव जंतु सभी परस्पर निर्भर हैं। ये सभी एक दूसरे के लिए पूरक की तरह सक्रिय हो कर काम करते हैं। परंतु मनुष्य प्रकृति से लेता तो है पर उसे देने की बात याद नहीं रहती है। हाँ, कई लोगों को मन में यह भ्रम ज़रूर है कि प्रकृति असमाप्य है, कभी ख़त्म न होगी। हम प्रकृति को जड़ या निर्जीव मान कर मनोवांछित तरीक़े से इच्छानुसार उसके शोषण और दोहन में शामिल हो जाते हैं। यह हमारे स्वभाव का हिस्सा बनता जाता है। हम असंवेदनशील और असहिष्णु हो कर हिंसक बनते जाते हैं। पृथ्वी से मिलने वाले प्रसाद का सेवन श्रेयस्कर होता है न कि लोभवश अंधाधुंध शोषण। पृथ्वी की अकूत सम्पदा में बहुत कुछ यदि पुनर्नवीकरण करने लायक़ (रिन्यूएबिल) होता है तो बहुत कुछ उपयोग के साथ क्रमशः ख़त्म होता जाता है। परंतु यह सब देख हम पृथ्वी को एक संसाधन मान बैठते हैं जिसका शोषण करने लगते हैं। पृथ्वी को उपभोग्य और उसके सभी पक्षों का उपभोग करते रहना हम अपना हक़ सा मान बैठे है। इस उपभोग के अनियंत्रित होने से जीवन की पारिस्थितिकी ख़तरे में पड़ने लगी है क्योंकि सब कुछ परस्पर सम्बंधित है। खेती-बारी, काम-धंधा, सुख-स्वास्थ और सामाजिक-आर्थिक उन्नति से जुड़ी सारी गतिविधियाँ धरती पर ही टिकी हैं। आधुनिक आदमी की सोच में मनुष्य ने पृथ्वी को जड़ मान अपने को अलग कर उस सम्पदा का स्वामी मान बैठा। उसे जीवन को संचालित करने के लिए 'विकास' का एक नया मंत्र मिला गया जिसका आशय निरंतर आगे बढ़ना है और दुनिया के सारे संसाधनों का उपयोग करना है। दुनिया, जगत या पृथ्वी हमारे लिए साधन हैं जिनका मन मर्ज़ी से उपयोग करना है। मनुष्य सब कुछ का केंद्र बन गया और उसके स्वार्थ की सिद्धि को प्रमुख मान लिया गया। पृथ्वी के सभी संसाधनों का अंधाधुंध दोहन शुरू हुआ। अनियंत्रित विकास के चलते एक ओर पृथ्वी की उर्वरा शक्ति कम होने लगी तो दूसरी ओर कूड़ा-कचरा का ढेर लगाने लगा। जो जितना विकसित हुआ उसने उतने ही ज़्यादा कूड़ा पैदा किया। देखते-देखते राजधानी दिल्ली जैसे बड़े महानगरों में कूड़े के कई पहाड़ खड़े हो गए जिनका निस्तारण असंभव सी परियोजना हो गयी। मातृभूमि का एक भौतिक आधार है पर वह सांस्कृतिक संकल्पना है। भौतिक विस्तार के क्षेत्र का घट-बढ होता रहा है। मातृभूमि राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य अंश रहा है। सुजलां , सुफलां, मलयजशीतलां मातरं, बंदे मातरम् का आवाहन हमें कर्म और त्याग के साथ 'मातृदेवो भव' के संकल्प की ओर अग्रसर करता है। भारत भूमि ऐसी 'पुण्यभूमि' के रूप में याद की गई है जहां जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। मातृभूमि की वंदना राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य भाग रहा है। यह राष्ट्रीय आस्था का विषय है। धरती के साथ हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हो सकती। पृथ्वी को जन की धात्री कहा है। उपेक्षा की जगह जागरूक हो कर पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा अपेक्षित है। भौतिक समृद्धि के साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होनी चाहिए। एकांगी भौतिक विकास के परिणाम जलवायु परिवर्तन के दृष्टि से घातक हैं। मातृभूमि के संवर्धन में ही सबकी वृद्धि है। मतभेद, प्रतिस्पर्धा और हिंसा के फलस्वरूप मातृभूमि की हानि और सामान्य जन जीवन की भी हानि होती है। दोनों परस्पर निर्भर हैं। हर तरह की विविधता को परे करते हुए मातृभूमि सभी का ख़्याल रखती है। मातृभूमि का भाव निर्मल करने वाला होता है और वह बिना किसी के साथ भेद-भाव किए वह विभिन्न प्रकार के लोगों और समुदायों का भरण पोषण करती है। आज प्रकृति और मनुष्य के पारस्परिक रिश्ते को पहचानते हुए मनुष्य के आचरण पर बल देने की ज़रूरत है। अकेले मनुष्य नहीं बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच पारस्परिक सम्बन्ध महत्वपूर्ण है। हमें प्रकृति के सहचर के रूप में रहना होगा। वह हमारा ख़्याल रखेगी यदि हम उसका ख़्याल रखेंगे।

## साहित्य/लोक साहित्य

### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता





राधा कृष्ण से कहती हैं कि हे साँवरिया तुम अपना श्याम रंग मुझे दे दो ताकि मैं तुम्हारे हीं रंग में रंग जाऊँ। मेरी माता कहती हैं कि हे राधा तुम गोरी हो और कृष्ण तो काला है और नटखट भी है , तुम्हारा ब्याह उसके साथ कैसे कर दूँ । हे कृष्ण जब यमुना जी का जल साँवला है, तमाल बृक्ष साँवला है, शाम साँवली है, तुम स्वयं साँवले हो, फिर मैं गोरी क्यूँ हुई ? हे साँवरिया तुम अपना साँवला रंग मुझे दे दो ताकि तुम्हारे रंग में रंग कर मैं भी साँवली हो जाऊँ । इसी प्रसंग पर प्रस्तुत है मेरी ये रचना :---

**मोहे श्याम रंग तुम दे दो**
**साँवरिया ,**
**तुम्हरेहिं रंग रंग जाऊँ ।**
**मैया कहत राधा तुम गोरी ,**
**कृष्ण है कैसो काला ।**
**कैसे ब्याहौं तो को राधिका ,**
**कृष्ण है नटखट ग्वाला ।**
**साँवरिया तुम्हरेहिं रंग रंग जाऊँ ।**
**मोहे श्याम रंग तुम दे दो..........**
**श्याम जमुन जल श्याम तमाला ,**
**श्याम शाम है श्याम गोपाला ।**
**मैं क्यूँ गोरी हुई कन्हैया ,**
**जब श्याम हीं मेरो काला ।**
**साँवरिया तुम्हरेहिं रंग रंग जाऊँ ।**
**मोहे श्याम रंग तुम दे दो..........**


**तमाल = एक प्रकार का बृक्ष जिसका रंग साँवला होता है और यह अधिकांशतः यमुना तट पर पाया जाता है ।**

## पहले चरण के मतदान में मध्यप्रदेश की तासीर क्या!

**जयराम शुक्ल**

लोकसभा चुनाव, मध्यप्रदेश में पहले चरण के महासमर में मौसमी लू-लपट के साथ वोटों की छीन-झपट का जोर चरम पर है। पेंच, कान्हा, बांधवगढ़, संजय टाईगर रिजर्व में सियारों की हुआ-हुआ, चिड़ियों की चहचहाहट और बाघों की दहाड़ पर मैदानी इलाकों में पार्टी कार्यकर्ताओं की तू-तू मैं-मैं और नेताओं की हुंकार भारी पड़ रही है। विन्ध्य की दो सीटों सीधी, शहडोल और महाकोशल की चार सीटों मंडला, जबलपुर, छिन्दवाड़ा, बालाघाट लोकसभा सीटों के लिए आज मत पड़ रहे हैं। यह इलाका कभी 'ग्रेट गोड़वाना' का हिस्सा रहा। मुगलों से भिडऩे वाली वीरांगना रानी दुर्गावती से लेकर अंग्रेजों से मोर्चा लेने वाले संग्राम शाह- रघुनाथ शाह के पराक्रम की गाथाएं अभी भी लोगों की जुबान पर हैं। एक तरह से चुनाव के इस पहले चरण का नियंता विशाल वनवासी वर्ग है जिसे रिझाने के लिए भाजपा के पास मोटे पैकेज हैं तो कांग्रेस के पास भावनात्मक और सामाजिक मुद्दे। छिन्दवाड़ा में छीना-झपटी..! इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उसमें छिंदवाड़ा पर देश की निगाहें टिकी हैं। कमलनाथ का सबकुछ दांव लगा है। बेटे नकुल नाथ चुनाव मैदान में हैं। बड़ा सवाल यह है कि छिंदवाड़ा कमलनाथ का पर्याय बना रहेगा यह इस बार निजाम बदलेगा। भाजपा ने विवेक साहू बंटी पर दांव खेला है। केन्द्रीय नेतृत्व और रणनीतिकार हर कदम पर इनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस बार न इन्हें संसाधन की कोई कमी और मनोबल तो जामसांवली के मंदिर के शिखर तक। पर चर्चा के केन्द्र में सिर्फ और सिर्फ कमलनाथ हैं, न नकुलनाथ और न बंटी। बाघ जब बूढ़ा हो जाता है तो जंगल के वन्यजीव उसकी अवहेलना करने लगते हैं। न उसकी गुर्राहट काम आती और जंगल के राजा होने का रसूख। कमलनाथ के साथ कुछ ऐसा ही ही। एक एक करके सभी विश्वसनीय साथ छोड़ते जा रहे हैं। सबसे बड़ी चोट अमरवाड़ा के विधायक कमलेश शाह ने दी। कांग्रेस की टिकट पर पच्चीस हाजार मतों से जीतने वाले कमलेश गोड़वाना के शाही वंशज हैं। उनका टूटना दांए हाथ के कट जाने जैसा है। नकुलनाथ के पिछले चुनाव में अमरवाड़ा ने 22 हजार की लीड न दी होती तो जीतना ही मुश्किल था। छिन्दवाड़ा शहर में भी विपरीत हवा है। सबसे पुराने साथी दीपक सक्सेना और महापौर विक्रम अहाके ने बगावत करके छिन्दवाड़ा की मांद को भाजपा के लिए सुभेद्य बना दिया है। विधानसभा में जिस छिन्दवाड़ा जिले की सभी सीटें कांग्रेस ने जीती हों उसके हर विधानसभा में नेताओं कार्यकर्ताओं की पतझड़ है। यहां वनवासी वोटों का प्रतिशत 35 से ऊपर है। तामिया के भारिया वनवासी हैं तो मैदानी इलाके में गोंड। अबतक कांग्रेस का साथ देते आ रहे थे इस बार जन-मन में क्या है..? कोई समझ नहीं पा रहा। बालाघाट में कंकर का बंकर! छिन्दवाड़ा की जोड़ीदार सीट है बालाघाट। मध्यप्रदेश में नक्सलियों का बड़ा ठिकाना। खौफ इतना कि एक बार नक्सलियों ने दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के मंत्री लिखीराम कांवरे को कुल्हाड़ियों से काट डाला था। हिना कांवरे यहीं से कांग्रेस विधायक हैं। बालाघाट की सीमा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से लगती है। नक्सलियों का यह एक कॉरीडोर भी है। लगभग 38 प्रतिशत वनवासी बाहुल्य यह लोकसभा क्षेत्र पिछले छह बार से भाजपा के कब्जे में है। लेकिन विधानसभा में भाजपा एक बार भी क्लीनस्वीप नहीं कर पाई। पारंपरिक वनवासी भाजपा की ओर झुकें हैं। नक्सली सत्ता के खिलाफ रहते हैं सो इनका जहां असर होगा वे भाजपा के खिलाफ ही अपना फरमान देंगें। इस बार एक बड़ा फैक्टर हैं कंकर मुंजारे। कभी ये फायर ब्रांड विधायक हुआ करते थे। एक बार निर्दलीय तो एक बार सपा से। ये बालाघाट से एक बार सांसद भी रहे चुके हैं। इस बार बसपा से प्रत्याशी हैं। पिछड़े लोधी वर्ग से आते हैं जो कि यहां की प्रभावी जमात है, जन-धन-बल तीनों से। पिछली बार बसपा को यहां से 6.5 प्रतिशत वोट मिले थे। इतने प्रतिशत वोटों की घट-बढ़ सारे समीकरण बिगाड़ देती है। कंकर मुंजारे की पत्नी अनुभा मुंजारे कांग्रेस की विधायक हैं और कांग्रेस के लिए जी जान से जुटी हैं। जाति से बिंधी राजनीति को साधने के लिए भाजपा ने यहां से भारती पारधी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने सम्राट सिंह सरस्वार को।नक्सली आतंक एक बड़ा मुद्दा है। भाजपा सरकार ने उसपर काबू पाया है। वनवासियों ने अति गरीबों के लिए भाजपा की जन-मन योजना असर दिखा रही है। भाजपा के पुराने स्टालवार्ट ढाल सिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन और दादा देशमुख क्या कर रहे हैं, खबरें कुछ भी बयान नहीं करतीं पर अब इतना माद्दा भी नहीं बचा कि टिकट कटने के बाद सहानुभूति के जरिए पार्टी का कुछ बिगाड़ सकें। गोंगपा भी कभी एक बड़ा कारक रहा करती थी लेकिन अब तितर-बितर है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड फिलहाल उसके साथ है.. और इस चुनाव में उन्नीस के मुकाबले बीस ही रहने वाला। मंडला का मन डोला..! मंडला से अबतक जो खबरें आ रही हैं वो भाजपा की पेशानी पर बल डालने वाली हैं। फग्गन सिंह कुलस्ते छठवीं बार जीत के इरादे से मैदान पर हैं। उन्हें कांग्रेस विधायक ओंकार सिंह मरकाम से खासी टक्कर मिल रही है। फग्गन केन्द्र में बरसों से मंत्री रहे हैं तो ओंकार पिछले तीन बार से अच्छे खासे मतों से विधायकी जीत रहे हैं। वे कांग्रेस की सर्वोच्च समितियों में भी है। पिछले विधानसभा चुनाव में मंडला का रुख कांग्रेस के पक्ष में रहा है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से पांच कांग्रेस के पास है। कुलस्ते स्वयं चुनाव हार चुके हैं वह भी ठीक-ठाक मार्जिन से। जनमत कुलस्ते के खिलाफ क्यों है..? वहां के एक स्थानीय पत्रकार से यह टटोला तो जवाब मिला कि कुलस्ते वनवासियों के बीच अब इलीट क्लास के है। उनका रहन-सहन अंदाज सबकुछ बदल गया। केन्द्रीय मंत्री रहते हुए वे जन सामान्य से कटते गए। महत्वाकांक्षी इतने कि कभी प्रदेश अध्यक्ष की रेस में खुद को खड़ा कर देते हैं तो कभी मुख्यमंत्री के। चुनाव हारने के बाद उन्हें उम्मीदवार बनाकर क्या भाजपा ने गलत किया- नहीं लोकसभा का दायरा और मुद्दे अलग होते हैं और फग्गनसिंह गोड़वाना के सबसे चमकदार चेहरे हैं, भाजपा के एक जिला पदाधिकारी ने जवाब दिया। दरअसल मंडला और डिंडोरी में मिशनरीज का गहरा असर है। नई पीढ़ी के लड़के जो इनकी स्कूलों से पढ़कर निकले और नौकरियों में हैं वे मूलतः भाजपा के खिलाफ है। एक तरह से वे टूल की भांति इस्तेमाल होते हैं, समाज में उनका असर गहरा है। गोड़वाना के इस गढ़ को बचाने के लिए भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। जबलपुर लड़ाई जीत के मार्जिन के लिए! जबलपुर भाजपा के लिए शुभंकर है। भाजपा की टिकट पर देश का पहला सांसद जबलपुर ने ही दिया। दरअसल 1980 के चुनाव में यहां से कांग्रेस मुन्दर शर्मा जीते थे। शर्मा जी का बीच कार्यकाल में ही निधन हो गया तो उपचुनाव में दादा बाबूराव परांजपे यहां से भाजपा की टिकट पर चुनकर गए। भाजपा के गठन के बाद यह पहला चुनाव था। कांग्रेस यहां से 1991 के बाद कोई चुनाव नहीं जीत सकी। पर एक ट्रेंड यहां से और शुरू हुआ। वह यह कि भाजपा की जीत का अंतर 2004 से लगातार बढ़ता जा रहा है। जबलपुर एक तरह से भाजपा का वैसा ही मजबूत गढ़ है जैसा कि इंदौर। टिकट अपने आप में जीत की गारंटी है जो इस बार आशीष दुबे को मिली है। दुबे जिला भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं और जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं।

## आज का राशिफल




**मेष राशिः** आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। छोटे बच्चे अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेलने जाएंगे। घर-वार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। इस राशि के जिन लोगों का रेस्टोरेंट है, उनके धन में वृद्धि होने की संभावना है। आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। करियर में आपको बड़ी सफलता हासिल होगी। साथ ही आपका सकारात्मक रवैय्या करियर में आपको बेहतरी दिलायेगा।

**वृष राशिः** आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आप स्वस्थ्य बने रहेंगे। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही आईटी से जुड़े स्टूडेंट्स को भी लाभ मिलेगा। आज आपकी बातों का लोगों पर प्रभाव दिखेगा। साथ ही वो आपसे जुडऩे की कोशिश भी करेंगे।

**मिथुन राशिः**आज आपको आर्थिक रूप से अपने रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको टहलना चाहिए। इससे आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। आज सकारात्मक सोच आपको कार्यों में सफलता दिलाएगा। परिवार के साथ किसी टूर का प्लान बनायेंगे। आज लेनदेन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है।

**कर्क राशिः** आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा, जिससे काम में मन कम ही लगेगा। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आप जरूरतमंद लोगों की तरफ मदद का हाथ बढ़ायेंगे । जो छात्र फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे हैं, उन्हें आज कुछ नया डिजाईन करने को मिल सकता है, उनकी मेहनत रंग लाएगी। दांपत्य रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार में लाभ होने की संभावना है।

**सिंह राशिः** आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर भी मिलेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे। आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। कोई नया काम करने के लिए सोचेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में बहुत ही अच्छा माहौल बना देगा। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे।जीवनसाथी के साथ डिनर का प्रोग्राम बनेगा। सामाजिक स्तर पर आप लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके शानदार रहने वाला है। आज कारोबारियों को धन लाभ होने की उम्मीद है। ऑफिस के काम की गति अच्छी रहेगी, आप अपने सारे रुके हुए काम पूरा करने में सफल होंगे। आज जीवनसाथी को उनकी पसंद का कोई गिफ्ट देंगे। आज किसी वजह से दोस्तों के साथ घूमने का प्रोग्राम टल जाएगा। कोई जरूरी चीज आज आप कहीं रखकर भूल सकते हैं। आपको अपने सामान का खास ध्यान रखना चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आप माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। जीवनसाथी से आपको खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा बन रहेगा। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। आज आप कामकाज में बहुत बिजी हो सकते हैं। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी। आप उन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

**धनु राशिः** आज आप कोई जरूरी काम निपटाने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं दूर हो जाएगी, साथ ही रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढऩे के कई मौके मिलेंगे। नींद पूरी होने के कारण आप बेहतर महसूस करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। करियर में सफलता सुनिश्चित होगी।

**मकर राशिः** आज आपको बच्चो से कोई अच्छी खबर मिलेगी। जीवन मे आगे बढऩे के मौके मिलेंगे। इस राशि के जो लोग फ्रीलांसर हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति जरूर होगी। नए व्यापार के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन उत्साह से भरा रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आट्र्स स्टूडेंट्स को टीचर्स का पूराःपूरा सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या आज आसानी से सॉल्व हो जायेगी। वर्क आउट शुरू करने से आप चुस्तःदुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन राशिः** आज जीवनसाथी के सहयोग से कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी अनबन हो सकती है, लेकिन जल्द ही सब ठीक भी हो जायेंगा। टीचर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी काम में सफलता मिलेगी। आप खुद को ऊर्जा से भरा हुआ फील करेंगे।

## मामला मर्यादा का



**प्रशान्त करण**

मर्यादा स्वयं स्त्रीलिंग शब्द है ! हमारी हिंदी कितनी समृद्ध निकली . मर्यादा का शाब्दिक अर्थ सीमा , नदी , समुद्र का किनारा , अवधि , सीमा चिन्ह , न्याय पथ में स्थिति , सदाचार , आचारकी शाश्त्र , परम्परा आदि द्वारा निर्धारित सीमा , प्रतिष्ठा , समझौता आदि होते हैं . संयोगवश विधायिका , पुलिस और स्वयं सरकार शब्द तक स्त्रीलिंग है . विडंबना है कि मर्यादा पालन की दौड़ में इसे पालन करने में सभी पिछड़ जाते हैं . क्या दो स्त्रियों में आम तौर पर बिना झगड़े के मधुर संबंध हो जाना हमारे समाज में थोड़ा अटपटा नहीं लगता ?

आजकल चुनाव के समय मर्यादा में रहना सभी एक -दूसरे को कहते अवश्य हैं , लेकिन रहता कोई भी नहीं ! चाहे मर्यादा के किसी अर्थ को साधें . आरोपों - प्रत्यारोपों की झड़ी लगती है . यह बरसात जब विकराल होती है तो पर्जन्य देवताओं की वैदिक ऋचाओं से स्तुति की भाँती बात चुनाव आयोग तक पँहुचती है . वह मनमोहन सिंह साहब की सरकार के कालखंड में आतंकवादी घटना के बाद की तरह कड़ी निंदा कर देता है . कभी - कभी कंदुक प्रतियोगिता में खिलाड़ी को लाल , पीले कार्ड दिखाकर कुछ समय रोकता है . हो गया मर्यादा भंग करने का फल . खाने वाला इसे मीठा फल समझ खा कर डकार लेता है और फिर पिल पड़ता . इस क्षेत्र में भी माननीयों ने आउटसोर्सिंग कर दिया है . भैया जी मंच पर भाषण देते हैं और वहीं उनके रटन्तु तोते विरोधियों को उच्च स्वर में गाली पढ़ते हैं . भैया जी अपने को मर्यादा भंग करने से उसी तरह बचाते हैं , जैसे हाट से लौटती महिलाएं शराबियों से स्वयं को बचाती हैं .

हमारी सहनशीलता समय के कोख को सूनी करने लगी है . एक -दूसरे को परस्पर नीचे दिखाने की प्रतिस्पर्धा में कौन कितना नीचे जाता है , यह भी अपनी मर्यादा भूल जाता है . एक समय था कि परायी नार को देखते ही पुरुष नयन झुकाकर , सम्मान में सिर भी झुकारकर बच निकलता था . कालांतर में जब पुरुष मर्यादा में न बँधने लगे तो महिलाओं ने स्वयं यह भार उठा लिया . पाश्च्यात संस्कृति की नई पीढ़ी में पुरुष और नारी दोनों पक्षों ने इससे पीछा छुड़ाने में संघर्ष कर रहे हैं . बच्चन जी ने दूरदर्शिता से मधुशाला में सत्य ही लिखा -

अब न रहे वो पीने वाले ,
अब न रही वो मधुशाला !

### सूडोकु नवताल- 7043

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7042 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |


'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह** – बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
**फोन**– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छीनी हुई कार जब्त, थाने से फिर लेकर भागे आरोपी, अब कार के साथ दो शख्स गिरफ्तार

**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल को एक कार और बाइक में टक्कर हो गई थी, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद बाइक सवार दो लोगों ने कार की चाबी जबरदस्ती निकाल लिया और बाइक बनवाने का पैसा देकर कार ले जाने की बात कहकर वहां से कार लेकर चले गए थे। इसके बाद कार मालिक ने थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार भी बरामद कर लिया है। इस घटना के बाद उतम कुमार झा, पिता राधेश्याम झा ने लिखित आवेदन दिया था। उत्तम ने बताया था कि इनकी अल्टो कार गाडी नं० BR01EX 9645 को बाइक सवार दो लोगों ने नलकुप भवन AG कॉलोनी के पास से मेरी कार की चाबी ले लिया और कार लेकर फरार हो गए थे। तकनीकी और आसपास के लोगों से पूछताछ की और उस गाड़ी को लाल बाबु मार्कट थाना शास्त्रीनगर से गाडी के नंबर प्लेट पर टेप लगे हुए स्थिति में बरामद कर लिया गया।इसके बाद 20 अप्रैल को सुबह 3:50 बजे दो लोग थाने आए और ओ०डी० पदाधिकारी और सिपाही को बातचीत में उलझाकर उस गाडी को थाने से लेकर फरार हो गए। इसके बाद सुबह में CCTV फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई। पुलिस ने दोनों अपराधियों की तलाश तेज कर दी।

### कल से शुरू होगी PPU स्नातक पार्ट- 3 की परीक्षा, बनाए गए 63 परीक्षा केंद्र

**पटना।** पाटलीपुत्र यूनिवर्सिटी में स्नातक पार्ट थ्री की परीक्षा कल से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए पटना, बाढ़ और नालंदा में 63 केंद्र बने हैं। इस दौरान हर वीक्षक परीक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को पूरी जानकारी देंगे। उन्हें बताएंगे कि किन-किन चीजों को अपने उत्तर पुस्तिका में निश्चित रूप से भरना है। परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार ने कहा कि परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले प्रश्न को स्ट्रांग रूम से लाया जाएगा। इसके बाद परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक व वीक्षकों की मौजदगी में इसका सील खोलकर परीक्षा कक्षों में वितरण के लिए भेजा जाएगा। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्राधीक्षक व पर्यवेक्षक सभी वीक्षकों को आवश्यक जानकारी देंगे। उन्हें यह बताएंगे कि हर परीक्षार्थी के उत्तर पुस्तिका पर हस्ताक्षर करने से पहले रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, पेपर कोड, सेंटर कोड, नाम, पेपर व सत्र लिखा गया है कि नहीं इसको देखकर ही अपना हस्ताक्षर करेंगे। इससे पहले शनिवार को पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी की स्नातक पार्ट 2 की परीक्षा शुरू हो चुकी है। कदाचारमुक्त परीक्षा के संचालन को लेकर शनिवार को कुलपति प्रो. आरके सिंह ने गंगा देवी महिला महाविद्यालय, रामकृष्ण द्वारिका कालेज, कंकड़बाग एवं जेडी वीमेंस कालेज, पटना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. आरके सिंह ने केंद्राधीक्षकों को आवश्यक निर्देश भी दिया।



### पटना में हाइवा ने मां, बेटी और बहू को रौंदा, एक की हालत गंभीर, दो घायल, शादी समारोह में शामिल होने आए थे

**पटना।** पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के जगनपुरा के नजदीक सड़क पार कर रही मां, बेटी एवं बहू को हाइवा ने रविवार को कुचल डाला। इस हादसे में तीनों महिला घायल हो गई, जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि तीनों महिला शादी समारोह में शामिल होने पटना के जगनपुरा पहुंची थी। पटना के आलमगंज निवासी मीरा देवी 60 वर्ष, ममता देवी 45 वर्ष एवं चुन्नी देवी 50 वर्ष शादी समारोह में शामिल होने के लिए जगनपुरा पहुंची थी। रविवार को सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार हाईवा ने तीनों महिला को कुचल डाला। आसपास के लोगों ने बताया कि तीनों महिला एक ही परिवार की मां, बेटी एवं बहू हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कंकड़बाग एवं रामकृष्ण नगर थाने को दी। सूचना मिलते ही दोनों थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां एक महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की पुष्टि करते हुए कंकड़बाग थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।



### गेहूं के खलिहान में लगी आग, लाखों रुपए का अनाज जलकर राख, CO ने कहा- नुकसान की भरपाई की जाएगी

**पटना।** पटना के फतुहा स्थित बलवा गांव में रविवार की दोपहर खलिहान में रखे गए गेहूं में अचानक आग लग गई। आग ने पूरे फसल को अपनी चपेट में ले लिया और पूरा अनाज मिनटों में जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए किसानों ने अपने-अपने बोरिंग चालू कर फसल पर पानी का छिड़काव करते रहे, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया। इस बीच लाखों रुपए के गेहूं जलकर राख हो गए। फतुहा के अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने नुकसान हुए किसान को मुआवजा के तहत सरकार की तरफ से आर्थिक मदद का आश्वासन दिया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि फतुहा के बलवा गांव में रविवार को अचानक खलिहान में रखे गए गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगते ही पूरे गांव में हंगामा मच गया। फसल को बचाने के लिए किसान भागकर खलिहान के पास पहुंचे और अपने-अपने बोरिंग चालू कर आग को बुझाने में जुट गए। इस बीच किसानों के लाखों रुपए के गेहूं जलकर नष्ट हो गए। इस मामले को लेकर फतुहा के अंचलाधिकारी मुकेश कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि किसानों के द्वारा अगर फसल बीमा कराई गई होगी तो वह राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आपदा के तहत जिन किसानों के फसल का नुकसान हुआ है वह किसान प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पास अपना आवेदन करें। आवेदन के आधार पर फसल के नुकसान का जांच कराया जाएगा और उसके बाद जिला से उन्हें नुकसान की भरपाई की जाएगी।



### हथियार के साथ फोटो पोस्ट करने पर युवक गिरफ्तार, वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कार्रवाई, एसपी ने दी जानकारी

**हाजीपुर।** वैशाली के लालगंज थाना में सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालने मामले में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसपी हर किशोर राय ने बताया कि युवक का नाम मुकेश कुमार उर्फ मुन्ना है और जलालपुर गांव का निवासी है। उसने कुछ दिन पहले डर फैलाने के लिए हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट किया था। इस संबंध में पुलिस को शिकायत मिली तो स्थानीय थाना को सत्यापन के लिए बोला गया। इसमें फोटो/वीडियो सही पाया गया और युवक को गिरफ्तार करने के लिए टीम गई। जैसे ही युवक ने पुलिस को देखा भागने लगा। इसके बाद बल ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से 1 मोबाइल बरामद किया गया। इसमें हथियार के साथ उसकी फोटो भी मिली। जब उससे पूछा गया तो उसने बताया कि डर के लिए फोटो और वीडियो पोस्ट किया था। फिलहाल लालगंज थाना में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।



# डबल डेकर एलिवेटेड रोड का दो रैंप बनकर तैयार

**एजेंसी, पटना।**

पटना के अशोक राजपथ पर बन रहे डबल डेकर एलिवेटेड रोड का दो रैंप बनकर तैयार हो गया है। एक रैंप पटना यूनिवर्सिटी और दूसरा बीएन कॉलेज के पास बनाया गया है। वहीं, अब तीसरा रैंप पटना कॉलेज के पास बनना शुरू हो चुका है। अभी इसमें मिट्टी भरने का काम किया जा रहा है। बाद में गिट्टी बिछाने का काम और पैनल लगाने का काम होगा।



**PMCH के पास भी फाउंडेशन का काम होगा शुरू, अशोक राजपथ पर जाम से मिलेगी निजात**

**पीएमसीएच के पास फाउंडेशन का काम होगा शुरूः** डबल डेकर एलिवेटेड रोड का लगभग काम पूरा हो चूका है और अब पीएमसीएच और सब्जीबाग स्थित कैथोलिक चर्च के पास काम शुरू किया जाएगा। पीएमसीएच के पास बैरिकेडिंग भी की जा चुकी है और अब फाउंडेशन का काम शुरू होगा। वहीं, कैथोलिक चर्च की 11-12 फीट जमीन लेकर बॉउंड्री वॉल बनाई जा चुकी है। इससे सर्विस रोड की चौड़ाई ज़्यादा हो गयी है और आने-जाने वाले लोगों को मुश्किल नहीं होगी। पहले पीएमसीएच के पास काम होगा और उसके बाद कैथोलिक चर्च के पास शुरू किया जाएगा।

**पटना यूनिवर्सिटी के पास बने रैंप की कनेक्टिविटी सीधे कृष्णा घाट सेः** अब तक 49 स्टील गार्डर डबल डेकर रोड के लिए लगाए जा चुके हैं। वहीं, कुल 317 पाइल में से 268 बनाया जा चुका है। इसमें से 6 इसी महीने तैयार हुए हैं। टियर 1 में 21 पियर कैप, तो वहीं टियर 2 में 22 पियर कैप का भी काम हो चुका है। पटना यूनिवर्सिटी के पास बने रैंप की कनेक्टिविटी सीधे कृष्णा घाट से होगी। गांधी मैदान की ओर से आने वाले लोग इसका इस्तेमाल कर गंगा पथ पकड़ सकेंगे। वहीं, बीएन कॉलेज के पास बने रैंप का इस्तेमाल पटना कॉलेज से आने वाले लोग यहां उतरने के लिए कर सकेंगे। इससे कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट के सुविधा को ध्यान में रखकर यहां बनाया गया है।

एक्टर पंकज त्रिपाठी के बहनोई के आवास पर पसरा मातम

# सड़क हादसे में हुई थी मौत

**एजेंसी, गोपालगंज।**

बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी की मौत के बाद से गोपालगंज स्थित उनके आवास से परिजन कोलकाता रवाना हो गए। साथ ही राजेश तिवारी के माता-पिता भी कोलकाता के लिए रवाना हो चुके हैं। राजेश तिवारी के घर पर फिलहाल कोई नहीं है। संभवत कोलकाता में ही राजेश तिवारी का दाह संस्कार किया जाएगा।

**क्या है घटनाः** पंकज त्रिपाठी के बहन-बहनोई की स्विफ्ट कार से शनिवार को निरसा (धनबाद) में भीषण दुर्घटना की शिकार हो गई थी। हादसे में पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बहन सरिता तिवारी को सर्जिकल आईसीयू में भर्ती कराया गया। सरिता तिवारी की कमर और सिर में गंभीर चोटें लगी हैं। इन्हें कोलकाता रेफर कर दिया गया है।

राजेश खुद कार चला रहे थे, जबकि सरिता अगली सीट पर बैठी थी। इसी दौरान एक महिला जीटी रोड को पार करने की कोशिश में थी। उसी महिला को बचाने के क्रम में राजेश तिवारी कार से नियंत्रण खो बैठे। नतीजा, तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर जा चढ़ी और हादसा हो गया।



**रेलवे में थे कार्यरतः** बरौली थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी राजेश तिवारी इकलौती संतान थे। जो पेशे से चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर ग्रुप डी में कार्यरत थे। उनके मां और पिता गोपालगंज स्थित आवास पर ही रहते हैं। जबकि पत्नी सरिता तिवारी वेस्ट बंगाल के दुर्गापुर में सरकारी शिक्षिका है। एक बेटी और एक बेटा है। बेटा दीपतांशु तिवारी बीटेक कर चुका है। वर्तमान में गायकी के क्षेत्र में है। राजेश तिवारी की दोनों संतान अपने मामा पंकज त्रिपाठी के पास रहते हैं। राजेश तिवारी को हमेशा की तरह जब भी समय मिलता, पूरे परिवार के साथ गोपालगंज अपने पैतृक आवास पर पहुंचते थे। पिछले चार दिन पहले ही वो गांव आए हुए थे और शनिवार को वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

CBSE के छात्र बनेंगे जल दूत

# स्मार्ट तरीके से पानी के महत्व के बारे में करेंगे जागरूक

**एजेंसी, पटना।**

जल शक्ति अभियान के तहत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने छात्रों को पानी के महत्व के बारे में बताने और पानी की बचत के स्मार्ट तरीके सिखाने के लिए 'जल दूत' कार्यक्रम की शुरुआत की है। CBSE के शैक्षणिक निदेशक जोसफ एमैनुएल ने एक सर्कुलर जारी करते हुए कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र जल दूत बनेंगे। वह वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण जैसे कामों को लेकर जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत 8वीं से 12वीं के बच्चों को जल दूत बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंट चैंपियन बनाना है जो सुरक्षित पेयजल, जल गुणवत्ता, जल संरक्षण आदि जैसे अन्य गतिविधियों के बीच अपने इलाके में पाइप वॉटर सप्लाई स्कीम पर काम कर सके। स्कूलों को इस कार्यक्रम की गतिविधियों की एक रिपोर्ट सीबीएसई के दिए गए लिंक https://forms.gle/Erk1dVe35dyoQKFt8 पर अपलोड करनी है। 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' अभियान 22 मार्च 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। यह अभियान वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, गणना, जियो-टैगिंग और सभी जल निकायों की सूची बनाने पर केंद्रित है। इसके साथ ही इसका लक्ष्य जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएं तैयार करना और सभी जिलों में जल शक्ति केंद्र स्थापित करना। छात्र समुदाय के सबसे गतिशील और प्रभावशाली वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो महत्वपूर्ण सामाजिक और पर्यावरणीय परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।



# पटना में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, 10 लाख का हुआ नुकसान, मशक्कत के बाद बुझाई आग

**एजेंसी, पटना।**

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के गणपति इंटरप्राइजेज प्लास्टिक फैक्ट्री में रविवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री धू धूकर जलने लगी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गौरीचक थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और अग्नि दस्ते की गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच प्लास्टिक फैक्ट्री में रखी गई लाखों रुपए के समान और एक ऑटो जलकर नष्ट हो गया। घटना की पुष्टि करते हुए गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि फिलहाल उनके पास कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे नुकसान का सही आंकड़ा लगाया जा सके। घटना के बाद मौके पर घंटे अफरा तफरी मची रही। गौरीचक थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के नजदीक गणपति इंटरप्राइजेज प्लास्टिक की एक फैक्ट्री है। रविवार को अचानक प्लास्टिक फैक्ट्री के एक कोने से तेजी से धुआं निकलना शुरू हो गया। इसे देखते ही वहां काम करने वाले मजदूरों ने शोर करना शुरू कर दिया। पहले तो लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास से पानी का छिड़काव करना शुरू कर दिया। गौरीचक थाने के अग्नि दस्ते की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



**10 लाख का नुकसानः** इस बीच फैक्ट्री की लगभग सभी सामान जलकर नष्ट हो गया। लोगों का मानना है कि इस आग लगी में कंपनी को लगभग 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस मामले को लेकर गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्लास्टिक फैक्ट्री के प्रोपराइटर की तरफ से अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इससे नुकसान के बारे में कुछ बोल पाना उचित नहीं होगा।

# बाहुबली अनंत सिंह की बिगड़ी तबीयत

## किडनी और पेट की बीमारी के बाद अस्पताल में भर्ती, क्रिएटिनिन लेवल बढ़ा

**एजेंसी, पटना।**

बाहुबली और पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया है। अनंत सिंह को किडनी से संबंधित समस्या के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया है। डॉक्टरों ने उनकी जांच की है और उनका इलाज किया जा रहा है। तीन दिन पहले भी उनकी तबीयत बिगड़ी थी। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि किडनी से जुड़ी समस्या है। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ है। फिलहाल उन्हें आईजीएमएस के प्राइवेट वार्ड के डीलक्स रूम नंबर 51 में भर्ती किया गया है। जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देख रेख में उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि मोकामा से पूर्व राजद विधायक अनंत सिंह एके-47 मामले में पटना की बेऊर जेल में बंद है। उन्हें 10 साल की सजा हुई है।



**एक साल पहले भी बिगड़ी थी तबीयतः** इससे पहले भी अनंत सिंह को करीब एक साल पहले पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उसे समय उन्हें सांस लेने की समस्याएं से जूझ रहे थे। साथ ही उन्हें शरीर में दर्द और उल्टियां हो रही थी। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें भर्ती कराया गया था।

**10 साल सजा के बाद रद्द हुई थी सदस्यताः** मोकामा से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह पर प्रतिबंधित हथियार AK-47 रखने का आरोप साबित होने के बाद उन्हें कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जिसके बाद वह पटना के बेउर जेल में बंद है। साथी इसके बाद उनके पटना स्थित सरकारी आवास पर इंसास राइफल, मैगजीन और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद होने के मामले में भी वे दोषी पाए गए थे। आपराधिक मामलों होने के बाद जुलाई 2022 में अनंत सिंह की सदस्यता भी रद्द कर गई थी।

**5 बार विधायक रह चुके हैं अनंत सिंहः** अनंत सिंह मोकामा 5 बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है। 2005 में विधानसभा चुनाव से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। अनंत सिंह किसी जमाने में सीएम नीतीश कुमार के बेहद करीबी थे। लेकिन बाद में संबंधों में खटास आ गई। अब जदयू से दुबारा संबंध ठीक हो गया है। यही वजह है कि उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से विधायक है, जो हाल में जदयू के साथ आ गई है।

**राजद के पूर्व विधायक की पत्नी अब जेडीयू के साथः** अनंत सिंह की विधायकी खत्म होने के बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से ताल ठोंकी और वो वहां जीत भी गईं। लेकिन हाल ही में बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन के दौरान नीलम सिंह ने पाला बदल लिया। वो राजद का साथ छोड़कर जदयू का साथ देने लगीं। फिलहाल मुंगेर से जदयू के लोकसभा कैंडिडेट ललन सिंह के लिए वो प्रचार प्रसार कर रही हैं।

# पटना समेत 8 जिलों में 24 तक लू का अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में पिछले तीन-चार दिनों से गर्म पछुआ हवा चल रही है। इससे अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और लोग गर्मी महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग ने 21 से 24 अप्रैल तक पटना, शेखपुरा, जमुई, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा और नालंदा जिले में लू का अलर्ट किया गया है। पटना में पहली बार लू चलने को लेकर चेतावनी दी गई है। शनिवार को पटना समेत बिहार के 18 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इसमें शेखपुरा सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।इसके अलावा औरंगाबाद का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री, जमुई और नवादा का 43.2 डिग्री, गया का 43 डिग्री, पटना का 42.2 डिग्री, भोजपुर का 42.7 डिग्री, बांका का 42.2 डिग्री, नालंदा का 41.9 डिग्री, मोतिहारी और बेगूसराय का 41. 2 डिग्री, सीतामढ़ी का 40.4 डिग्री, छपरा का 40.3 डिग्री और समस्तीपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**बिहार के 19 जिलों का तापमान 40 के पार, शेखपुरा का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस**

### सांसद महबूब कैसर बोले-गद्दारी मैंने नहीं चिराग पासवान ने की

**पटना।** खगड़िया के सीटिंग एमपी चौधरी महबूब अली कैसर रालोजपा (पारस गुट) छोड़ राजद में शामिल हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस दौरान सांसद महबूब अली कैसर ने कहा कि गद्दारी मैंने नहीं की, बल्कि चिराग पासवान ने गद्दारी की है। वे चिराग पासवान पर मोटी रकम लेकर टिकट बेचने का आरोप वो लगा चुके हैं। वहीं इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कुछ चार-पांच लोग हैं वहां जो मेरे चाचा को हाई जैक कर लिए हैं। जब हम किताब लिखेंगे तब इन सब बातों का विस्तार से जिक्र करेंगे। वक्त आने पर सारी बात उसमें लिखेंगे। लेकिन जहां रहे स्वस्थ रहें। जब उनके साथ थे हम तो बेटे की तरह साथ खड़े थे। इस दौरान सांसद के बेटे युसूफ कैसर भी मौजूद रहे।

# दर्द का इंजेक्शन ले स्कूल-कॉलेज के लड़के कर रहे नशा

## व्हाट्सएप से लिया जाता था ऑर्डर, 30 की जगह बच्चों से वसूलते थे 500 रुपये

**एजेंसी, पटना।**

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र से पुलिस ने 25 लाख का नशे का इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुलिस ने नशे का इंजेक्शन का कारोबार करने वाले 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने औषधि विभाग को इसकी सूचना दी है। औषधि विभाग की टीम बरामद सुई की जांच कर रही है। विभाग ने सुई के कंपनी को भी उसकी सूचना दी।

**इस नशीली सुई के गिरफ्त में हैं युवाः** ऐसे तो हर वर्ग के लोग इसका इस्तेमाल कर रहें हैं लेकिन युवा वर्ग इसकी गिरफ्त में जल्दी आ रहे हैं। इसी का कारण है कि ये पटना के नामी शिक्षण संस्थानों के आसपास बेचा जा रहा है। बिहार में शराबबंदी के बाद पटना में स्मैक, ड्रग्स, ब्राउन शुगर, कफ सीरप और नशे की सुइयों का कारोबार काफी बढ़ गया है। स्मैक, ड्रग्स और ब्राउन शुगर जैसा नशा इन नशीली सुइयों को लेने के बाद में होता है। जहां ड्रग्स की कीमत 500 है तो इन सुइयों की कीमत 100 तक है। पढ़ने वाले बच्चे अपनी पॉकेट मनी से बचा कर ये सब करते है। पैसों की कमी की वजह से बच्चे इन नशीली सुइयों को ड्रग्स की जगह इस्तेमाल करते हैं। इस गोरख धंधा को करने वाले इसी लिए ऐसे जगहों को टारगेट करते है जहां युवाओं का आना जाना ज्यादा हो।



**पकड़ी गई सुइयां बिना डॉक्टर के लिखे बेचना मना हैः** पटना सदर एएसपी स्वीटी सेहरावत ने बताया कि कंकड़बाग थाना के थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 25 लाख की नशीली सुइयां पकड़ी। चार कम्पनियों के नारकोटिक्स की ये दवाएं है। ये सुइयां डॉक्टर बहुत तेज दर्द को कम करने के लिए देते हैं। इन सुइयों की ताकत ऐसी है कि आम इंसान ड्रग्स के नशे जैसा महसूस करने लगता है। इन सुइयां को खुले में बेचने पर पाबंदी है। इन सुइयों को डॉक्टर के लिखे बिना बेचने पर पूर्ण रूप से पाबंदी है।

**युवाओं को 'किक' देती हैं ये सुइयांः** सूचना के बाद मौके पर पहुंचे औषधि विभाग की तरफ से सहायक औषधि नियंत्रक सचिदानंद विक्रांत अपने दल बल के साथ इस छापेमारी में शामिल रहे। इसके बाद दैनिक भास्कर से बात करने के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ये नारकोटिक्स की सुइयां हैं। ये सुइयां सर्जरी के बाद दी जाती है ताकि पेसेंट को दर्द महसूस ना हो। लेकिन लोग इसका मिसयूज कर रहें हैं। इन सुइयों को डॉक्टर के पर्ची पर लिखे देने ही नहीं है। आज कुल इतनी सुइयां पकड़ी गई जिसमें ब्यूप्रेनोर्फिन 4445 पीस, एम्पुल यानी एविल 9920 पीस, आईपीपीएल ब्यूप्रेनोर्फिन 60 पीस और नाइट्रोसन 160 पीस शामिल है। अधिकारी ने बताया कि ब्यूप्रेनोर्फिन और एम्पुल यानी एविल के डोज लेने से नसेडियों की भाषा में किक मिलना कहते है। इसमें लोग बाद में इसका आदि हो जाते हैं और ज्यादा डोज लेने से कभी कभी लोग बेकाबू हो जाते हैं। उस वक्त वो अपना का किसी की हत्या भी कर देते हैं।

# रायबरेली लोकसभा: 72 साल में 37 साल महिलाएं रही हैं यहां से सांसद, आखिरी के बीस साल लगातार सोनिया गांधी

**रायबरेली, एजेंसी।** राजनीति के सुनहरे पन्नों में रायबरेली के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। महिला सशक्तीकरण में भी इसका अपना अलग ही अंदाज है। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण से इतर केंद्र सरकार में रायबरेली संसदीय सीट से सांसद बनी महिलाओं ने फिफ्टी-फिफ्टी का प्रतिनिधित्व किया। यहां से सांसद बनकर इंदिरा गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली तो जग जाहिर है कि सोनिया गांधी ने सुपर पीएम के रूप में काम किया। पिछले 72 साल में महिला सांसदों ने 37 साल तक संसद में रायबरेली की प्रतिनिधित्व किया, जबकि पुरुष सांसदों को 35 साल ही जिले के प्रतिनिधित्व का मौका मिला।




रायबरेली से 1967 में इंदिरा गांधी ने पहली बार जिले से महिला सांसद के रूप में जीत दर्ज की। 1971 के चुनाव में भी वह रायबरेली होकर संसद पहुंचीं। 1977 तक जिले का नेतृत्व करने वाली इंदिरा गांधी ने हार का सामना करने के बाद 1980 में फिर जीतने के बाद सीट छोड़ दी। 1989 तक पुरुषों के जिम्मे रायबरेली संसदीय सीट रही।

1989 में हुए चुनाव में शीला कौल कांग्रेस से जीतीं। 1991 में भी वह सांसद चुनी गईं। 1996 तक उन्होंने रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया। इंदिरा गांधी 10 साल तो शीला कौल सात साल सांसद रहीं। 2004 में पहली बार चुनाव लड़ने आईं सोनिया गांधी 2004 से लगातार सांसद के रूप में जिले का प्रतिनिधित्व करती रहीं।

सोनिया सबसे अधिक 20 साल तक जिले की लगातार सांसद रहीं। 72 साल में जिले से 10 लोग सांसद बनें। इनमें फिरोज गांधी, आरपी सिंह, बैजनाथ कुरील, अरुण नेहरू, राज नारायण, अशोक सिंह और सतीश शर्मा को 35 साल जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। इंदिरा गांधी, शीला कौल और सोनिया गांधी ने 37 साल तक केंद्र में रायबरेली की शान बरकरार रखी।

### फिर भी लोकतंत्र के महापर्व में महिलाओं की उपेक्षा

जिले में एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या बढ़कर 946 हो गई है, लेकिन मतदाता सूची में प्रति हजार पुरुषों पर 916 महिलाओं के नाम ही दर्ज हैं। एपिक रेशियो भी वर्ष 2022 के चुनाव की तुलना में 1.42 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन महिलाओं वोटरों में बड़ा इजाफा नहीं हुआ। 2022 में एपिक रेशियो 59.66 था। इस साल यह बढ़कर 61.08 हो गया है। लोकतंत्र के महापर्व में कहीं न कहीं महिलाओं के वोटर बनने में अब भी सुस्ती है। तमाम प्रयासों के बाद भी एक हजार पुरुषों पर 30 महिलाएं मतदाता बनने से अब भी वंचित हैं। लोकतंत्र के महापर्व में महिला और पुरुष वोटरों को लेकर अंतर कहीं न कहीं जागरूकता में कमी को दर्शा रहा है। जनसंख्या के हिसाब से वोटर बनने में इजाफा तो हुआ है, लेकिन महिलाओं को वोटर बनाने की प्रगति में ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी का मौसम: लू की चपेट में आया प्रदेश, वाराणसी रहा सबसे गर्म

**लखनऊ , एजेंसी।** अप्रैल के तीसरे सप्ताह से ही प्रदेश में लू का दौर शुरू हो चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ ने शनिवार को बहराइच में लू चलने की पुष्टि की है। बहराइच में दिन का तापमान 42.4 रहा, जो कि सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश में वाराणसी सर्वाधिक गर्म



रहा। यहां तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं प्रयागराज में भी पारा 43.2 डिग्री रहा। इन दोनों इलाकों में रातें भी 25.4 डिग्री तापमान के साथ गर्म रहीं। प्रदेश के कई ऐसे शहर रहे जहां तापमान चालीस के आंकड़े को छूता हुआ दिखा। इन सभी जगहों पर गर्म हवा के थपेड़े लोगों को परेशान करते रहे।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र मुताबिक, बाराबंकी, कानपुर, गोरखपुर, चुर्क, फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज फतेहगढ़, झांसी, उरई, हमीरपुर, आगरा और बुलंदशहर में पारा 40-42 डिग्री से अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से 28.9 डिग्री के बीच रहा।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार से लू में कुछ दिन राहत रहेगी, लेकिन गर्म हवा के थपेड़े अभी झेलने होंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। कई जगहों पर हल्की आंधी चल सकती है। साथ ही धूल भरी हवाओं की भी संभावना प्रकट की गई है।

### मैनपुरी सड़क हादसा: मां की गोद ने बचा ली दो मासूमों की जान

**आगरा, एजेंसी।** मैनपुरी के भोगांव में ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रॉली सवार चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हुए। इस बीच मां के आंचल में लिपटे दो मासूमों के लिए गोद सुरक्षा की ढाल बन गई। ट्रॉली में बैठे किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं लगी। सभी को प्राथमिक उपचार से राहत मिल गई।

बिछ्वां क्षेत्र के गांव बेलधारा से शनिवार की तड़के ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार हुए लोगों में अधिक संख्या महिलाओं की थी। मां की गोद में बच्चे किसी भी भय से परे गहरी नींद में सोए हुए थे। अभी कुछ ही दूरी तय हुई थी कि अचानक एक तेज धमाका हुआ और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रॉली में बैठी सभी महिलाएं घायल हुईं। लेकिन दो मासूम जो अपनी मां की गोद में थे, उनके लिए मां की गोद एक सुरक्षा ढाल की तरह बन गई।

### डीजे पर डांस और चुपके से आई मौत: नाचते-नाचते जमीन पर लेट गई दूल्हे की बुआ

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के बाह क्षेत्र के बिजौली गांव में शुक्रवार को आधी रात के बाद लग्नोत्सव में डीजे पर डांस करते समय दूल्हे की बुआ की मौत हो गई। इससे परिवार में शादी की खुशियों की जगह मातम पसर गया।

बाह के पास बिजौली गांव के रहने वाले गौरव की 23 अप्रैल को शादी है। शुक्रवार को लग्नोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। आधी रात के बाद परिवार और रिश्तेदार महिलाएं डीजे पर डांस कर रही थीं। सभी मस्ती में झूम रहे थे। दूल्हे की बुआ सरमथुरा के चांदपुरा गांव में रहने संगीता (37) भी भतीजे के लग्नोत्सव में जमकर नाची। बताया गया है कि वो नाचते-नाचते अचानक जमीन पर लेट गई। लोगों की समझ ही नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है। लोग समझ रहे थे कि ये मजाक है, लेकिन काफी देर तक जब संगीता जमीन से उठीं नहीं, तो पास पहुंचे। यहां संगीता की हालत देख लोगों के होश उड़ गए।

## पत्नी की दगाबाजी: पति की मौत के बाद अकेले छोड़ दिए बच्चे, बेच दी जमीन...फिर भी नहीं छोड़ रही पीछा

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में पति की मौत के बाद पत्नी दो मासूम बच्चों को ससुराल छोड़कर मायके चली गई। इसके बाद वारिस होने का फायदा उठाकर जमीन बेच दी। रुपये लेने के बाद पिता ने भी घर से निकाल दिया। अब आश्रम में रह रही है। फिर से बची जमीन बेचने की कोशिश की तो महिला की बेटी विरोध करने लगी। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा। काउंसलर ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। मगर बात नहीं बन सकी। अगली तारीख दी गई है।

सदर के छावनी निवासी युवक की शादी 2004 में राजपुर चुंगी क्षेत्र की एक युवती के साथ हुई थी। पति स्कूल संचालक था। शादी के बाद महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। 2015 में पति की बीमारी चलते मौत हो गई। स्कूल भी बंद हो गया। पत्नी दोनों बच्चों को ससुराल छोड़कर मायके चली गई। आरोप है कि दो साल पहले पिता के साथ मिलकर बंद पड़े स्कूल की जमीन में से 200 वर्ग गज जमीन बेच दी। पिता के साथ मिलकर बाकी जमीन को बेचने का प्रयास किया, तो बेटी ने विरोध किया। इस पर महिला के पिता ने परिवार परामर्श केंद्र में प्रार्थनापत्र दिया। काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि महिला की बेटी और ससुर बेची हुई जमीन से मिले रुपयों का हिसाब मांग रहे हें। वहीं, ससुर-बहु को साथ रखने के लिए तैयार हैं। महिला का पिता बेटी के पति की वारिस होने के नाते बाकी जमीन बेचना चाहता है। शनिवार को दोनों पक्षों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया था।

## सीएम योगी बोले: शोभा यात्राओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही हैं गैर भाजपाई सरकारें, तुष्टीकरण है दंगों की वजह

**लखनऊ , एजेंसी।** सीएम योगी ने कहा कि होली और रामनवमी के मौके पर पश्चिम बंगाल सहित देश की कई गैर भाजपाई सरकारों में हुए दंगे चिंता का विषय हैं। जनता को यह सोचना चाहिए कि रामनवमी या दूसरे धार्मिक पर्वों पर शांतिपूर्ण ढंग से चल रहीं शोभा यात्राओं को जो सरकारें सुरक्षा नहीं दे पा रही हैं वह सरकारें बहन-बेटियों को सुरक्षित कैसे रखेंगी।

एएनआई से बात करते हुए सीए योगी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति ने एक नए तरह के तनाव को जन्म दिया है। तुष्टीकरण की वजह से सरकारें सही फैसले नहीं ले पाती हैं। चुनाव के समय में वेस्ट यूपी में भी कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं। सीएम योगी ने कहा कि चुनाव का समय है। देश की जनता को यह देखना चाहिए कि कथित तौर पर सेक्युलर पार्टियां धार्मिक मामलों में किस तरह का स्टैंड लेती हैं। लोगों को वोट देते समय भी इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**कांग्रेस ने आतंकियों को बिरयानी खिलाई : योगी–** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ की रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की जातिवादी और सांप्रदायिक सोच के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने आतंकवादियों को बिरयानी तक परोसी है। उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी पर लोगों की सुरक्षा और विश्वास के साथ खेलने का आरोप लगाया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज भारत में जरा सा भी विस्फोट होने पर पाकिस्तान अपनी सफाई देने को तैयार रहता है, लेकिन कांग्रेस के जमाने में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। वे कहते थे कि भगवान राम कभी थे ही नहीं, ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले चरण में शुक्रवार को 102 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान के रुझान फिर एक बार, मोदी सरकार की देशव्यापी भावना को रेखांकित करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के पक्ष में जोधपुर में एक रोडशो भी किया।

## एसपी ट्रैफिक पहुंचे गोलघर, स्कूल प्रबंधकों को दिए ये सख्त निर्देश- असर स्कूल खुलने पर दिखेगा?



**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के कैंट क्षेत्र के सिविल लाइंस इलाके में स्कूलों के सामने जाम की समस्या का संज्ञान लेकर शनिवार को एसपी ट्रैफिक संजय कुमार खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ियों को हटवाया। साथ ही स्कूल प्रबंधकों को चेतावनी दी कि जाम से निजात के उपाय तलाशें नहीं तो सख्त कार्रवाई होगी।

चारों तरफ जाम देखकर वह भी सीओ और ट्रैफिक के जवानों के साथ बेतरतीब खड़ीं गाड़ियों को हटवाने लगे। उन्होंने सिविल लाइंस में स्कूलों के सामने की सड़क पर घूमकर अव्यवस्था और जाम के कारण को समझा और इसके समाधान की बात कही। शनिवार को दोपहर 12:20 बजे सिविल लाइंस इलाके में डीएम आवास से लगायत हरिओम नगर और यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाली सड़क पर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई। जैसे ही स्कूल की छुट्टी हुई, एक कार बीच सड़क पर पुलिस बूथ के सामने खड़ी कर अभिभावक बच्चे को लेने चले गए। इसके बाद वहां चारों तरफ की सड़क जाम हो गई। उसी समय ट्रैफिक जवानों और सीओ के साथ एसपी यातायात संजय कुमार पहुंचे।

**स्कूल रोड पर लगेगा डिवाइडर, एक घंटे वन-वे रहेगी लेन–** एसपी यातायात संजय कुमार ने कहा कि स्कूल इस समस्या की तरफ जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनके साथ इस पर पहले भी मीटिंग की जा चुकी है। अब एक और मीटिंग कर वार्निंग दी जाएगी कि स्कूल के सामने वाहन ना खड़े हों, यह स्कूलों को भी देखना होगा।

समस्या को देखते हुए प्लान तैयार किया गया है। स्कूल रोड पर डिवाइडर लगवाए जाएंगे। एक घंटे तक रोड वनवे किया जाएगा। रोड पर नो वेंडिंग जोन और नो पार्किंग जोन बनाया जाएगा। छुट्टी के समय ट्रैफिक संचालन का अच्छा अनुभव रखने वाले जवानों की डयूटी लगाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही स्कूलों के साथ एक मीटिंग भी की जाएगी।

### बोले प्रबंधक

आरपीएम एकेडमी के निदेशक अजय शाही ने बताया कि बच्चों को लेकर आने-जाने वाले अभिभावकों को स्कूल गेट तक कार लाने से परहेज करना चाहिए। इससे छुट्टी के समय अन्य बच्चे भी सुरक्षित सड़क पर चल सकेंगे। जाम की समस्या न हो, इसके लिए क्लास की छुट्टी अलग-अलग समय पर की जाती है।

स्प्रिंगर लोरेटो गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रबंधक रीमा श्रीवास्तव ने कहा कि स्कूल के सामने सड़क पर वाहन खड़ा करने से मना किया जाता है। अभिभावकों को भी कहा जाता है कि एक बच्चे के लिए वे कार लेकर स्कूल ना आएं। लेकिन किसी को ऐसा करने से मना भी नहीं किया जा सकता। अभिभावकों को समझाया जाएगा कि जाम से निपटने में वह भी स्कूल प्रबंधन की मदद करें।

## संकट में स्वामी प्रसाद मौर्य: हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, बेटी का बिना तलाक दूसरी शादी कराने का मामला



**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने यह कहते हुए मौर्य की याचिका खारिज कर दी कि पहली नजर में उनके खिलाफ आरोप हैं, जिन पर ट्रायल कोर्ट में ही विचार हो सकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने परिवाद की कार्यवाही समेत उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट निरस्त करने की आग्रह वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश स्वामी प्रसाद की याचिका पर दिया। शहर के सुशांत गोल्फ सिटी निवासी दीपक स्वर्णकार ने अदालत में स्वामी प्रसाद मौर्य, संघमित्रा समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। परिवादी का आरोप है कि वह और संघमित्रा 2016 से लिव इन रिलेशन में थे।

संघमित्रा और स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पहली शादी में तलाक हो चुका है। इस पर, परिवादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से घर पर शादी कर ली। हालांकि, बाद में उसने विधि विधान से शादी करने को बोला तो उस पर जानलेवा हमला कराया गया। इसी परिवाद को स्वामी प्रसाद ने हाईकोर्ट में चुनौती देकर कहा कि मामले में उनके खिलाफ कोई ठोस आरोप नहीं हैं, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका का खारिज कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के सरायमीर कस्बा के महाजनी टोला की एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ससुराल वाले जहां बीमारी से मौत की बात कह रहे हैं, वहीं सूचना पर पहुंचे मायके वाले दहेज प्रताड़ना से मौत होना बता रहे हैं। मायके वालों की सूचना पर पहुंची सरायमीर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**यह है पूरा मामला –** महाजनी टोला मोहल्ले की रहने वाली मुस्कान (20) की शनिवार की रात घर पर ही अचानक से तबीयत बिगड़ गई। जब तक उसे इलाज के लिए ले जाया जाता, इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। ससुराल वालों ने रात में ही सूचना मृतका के मायके वालों को दी। सूचना पर मायके जौनपुर जिले के खुटहटन थाना अंतर्गत ख्वाजापुर से पिता इस्लाम व परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए।

मायके वालों ने पति असफाक, ससुर झिनक उर्फ अतहर, सास बेबी, ननद मोना व साहवा पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी। पिता इस्लाम ने बताया कि शनिवार को बेटी के पति ने फोन पर सूचना दी कि मुस्कान की तबीयत खराब है। इस पर वह उसके घर पहुंचे तो बेटी बिस्तर पर बदहवास पड़ी थी। उसका दम निकल चुका था।

उधर, मायके वालों की सूचना पर पहुंची सरायमीर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस मौका मुआयना कर जांच पड़ताल की कवायद में जुटी है। ससुराल वाले पीड़िता की बीमारी से मौत होने की बात कह रहे हैं। वहीं मायके वाले दहेज प्रताड़ना का आरोप लगा रहे हैं।

## गाजे बाजे के साथ काशी में हुआ धर्मशाला का भूमिपूजन, वित्तमंत्री सीतारमण ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**वाराणसी , एजेंसी।** नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में बनने वाली श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला का भूमिपूजन धूमधाम से किया गया। रविवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में धर्मशाला की आधारशिला रखी गई। इसका निर्माण डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। अक्तूबर 2025 में धर्मशाला को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। सिगरा स्थित नटराज सिनेमा के सामने क्षत्रम की जमीन पर बनने वाली दसमंजिला धर्मशाला में 135 कमरे होंगे।



क्षत्रम के अध्यक्ष लेना नारायण ने बताया कि पिछले 210 वर्षों से लगातार दिन में तीन बार भगवान विश्वनाथ और मां विशालाक्षी को पूजन सामग्री भेजते हैं। क्षत्रम ने यह जमीन 23 नवंबर 1894 में महज पांच हजार रुपये में खरीदी थी।

उन्होंने बताया कि 65 हजार स्क्वायर फीट जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन, पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटवाया गया। अब इस पर 135 कमरों वाली 10 मंजिला धर्मशाला श्री काशी नकोट्टई नगर क्षत्रम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही यहां छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी होगा।

### धर्मशाला का शिलान्यास है आचार संहिता का उल्लंघन: कांग्रेस

दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के लिए सिगरा में बनने वाली धर्मशाला के शिलान्यास कार्यक्रम में वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने राघवेंद्र चौबे ने कहा कि आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चुनाव के दौरान ऐसा कार्यक्रम अनुचित है। बनारस में प्रशासन सत्ता के दबाव में मूकदर्शक बना हुआ है।

# संक्षिप्त समाचार


## पाकिस्तान की संसद से सांसदों और पत्रकारों के जूते चोरी, परिसर की मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद में शुक्रवार को सांसदों और पत्रकारों के जूते चोरी हो गए। पाकिस्तानी मीडिया द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक सांसद, पत्रकार और संसद का स्टाफ परिसर में मौजूद मस्जिद में जुमे की नमाज के लिए गया था। जब लोग मस्जिद से बाहर आए तो उनके जूते चोरी हो चुके थे। चोर 20 जोड़ी जूते साथ ले गए। इसके बाद सांसद नंगे पैर ही संसद लौटे। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि नमाज के वक्त संसद में मौजूद सुरक्षा अधिकारी अपनी पोजिशन पर तैनात नहीं थे। स्पीकर के आदेश के बाद जॉइंट सेक्रेटरी और सीनियर पुलिस अफसरों मामले की जांच करेंगे। CCTV फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस चोरी के पीछे भिखारी माफियाओं का हाथ होने की आशंका जताई है। ख्वाजा आसिफ ने कहा, "पाकिस्तान में भिखारियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। इनके खिलाफ जागरूकता के लिए अभियान भी चलाया गया है, जिसमें बड़े क्रिकेटर्स भी हिस्सा ले रहे हैं।" रक्षा मंत्री ने बताया कि किसी शहर में भिखारी दिखते ही इसकी सूचना पुलिस को दी जाती है। पाकिस्तान में भीख मांगना एक बड़ा बिजनेस बन चुका है। करीब 10% आबादी इस धंधे से जुड़ी है। हम बड़ी संख्या में भिखारियों को एक्सपोर्ट भी करते हैं। इससे पहले ईद के मौके पर पाकिस्तान के लाखों भिखारी कराची पहुंच गए थे। शहर की सड़कों, बाजारों और मॉल तक में भिखारी दिखाई दे रहे थे। कराची के AIG याकूब मिन्हास ने बताया था कि ये भिखारी सिंध और बलूचिस्तान प्रांत से आए थे। इनहें पकड़ने के लिए CCTV कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी।



## ब्रिटिश NRI भारत में हुई कमाई पर टैक्स देंगे

**लंदन।** ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने एक और कड़ा कानून पेश किया है। ब्रिटेन में रहने वाले NRI (अनिवासी भारतीयों) को भारत में बैंक एफडी, स्टॉक मार्केट और रेंट से मिलने वाली आय पर मिलने वाली टैक्स छूट को 15 साल से घटाकर 4 साल कर दिया है। ब्रिटेन में रहने के पांचवें साल से NRI को भारत में होने वाली आय पर 50% टैक्स देना पड़ेगा। अब तक NRI को 15 साल तक केवल ब्रिटेन में प्राप्त होने वाली आय पर टैक्स देना पड़ता था। नया कानून अगले साल अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। लंदन के टैक्स कंसल्टेंट सौरभ जेटली ने बताया कि नए नियम के बाद ब्रिटेन में रहने वाले पांच लाख NRI में से लगभग 50 हजार ने दुबई शिफ्ट होने का प्लान बनाया है। दुबई में पर्सनल टैक्स रेट जीरो है और कॉर्पोरेट टैक्स मात्र 9% है। लंदन में एस्टेट टैक्स भी 40% है जबकि दुबई में NRI पर शून्य एस्टेट टैक्स है। जेटली के मुताबिक सुनक के नए कानून के बाद NRI का ब्रिटेन में व्यापार करने को लेकर मोहभंग हो रहा है। पिछले पांच साल में 83 हजार 468 भारतीयों ने भारत की नागरिकता को छोड़कर ब्रिटेन की सिटिजनशिप ली है। यूरोप के किसी भी देश में ये सर्वाधिक है। इससे पहले 2022 तक गोल्डन वीसा स्कीम के तहत 254 भारतीय धनकुबेरों ने ब्रिटेन की नागरिकता ली थी।



## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में मारा गया एक नक्सली, शव बरामद, बीजापुर के भैरमगढ़ इलाके में एनकाउंटर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच रविवार सुबह मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है, जिसका शव भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से हथियार समेत विस्फोटक सामान बरामद कर लिया है। मुठभेड़ खत्म हो गई है। बस्तर में चुनाव खत्म होने के बाद जवान एक बार फिर भैरमगढ़ केशकुतुल इलाके में सर्च ऑपरेशन पर निकले हुए थे। यहां नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना थी। जैसे ही जवान माओवादियों के कोर इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायर खोल दिया। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और गोलियों का जवाब दिया। पिछले तीन महीने में बस्तर के अलग-अलग जिलों में हुई मुठभेड़ में पुलिस फोर्स ने अब तक कुल 80 माओवादियों को ढेर कर दिया है। इनमें 16 अप्रैल को 29 नक्सली सिर्फ कांकेर में ही मारे गए। इन पर लाखों रुपए का इनाम भी घोषित था। एनकाउंटर का लाइव वीडियो भी सामने आया था।



## ओडिशा नाव हादसे के मामले में दो गिरफ्तार, पुलिस बोली- नाव का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ था, 8 लोगों की मौत हुई थी

**ओडिशा।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले की महानदी में 19 अप्रैल की शाम नाव पलटी थी। इस घटना में 8 लोगों की डूबने से मौत हुई थी। नाव में 55 से ज्यादा लोग सवार थे। दो दिन तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान 47 से 48 लोग सवार थे। ओडिशा सरकार ने मरने वालों के घरवालों को 4 लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की थी। पुलिस ने कहा कि बोट का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ था और यह ऑपरेशन करने के लिए तैयार भी नहीं थी। फिर भी इसे ऑपरेट किया जा रहा था।



## हुबली मर्डर केस को सही ठहराने वाले गिरफ्तार, सोशल मीडिया पर लिखा था- जस्टिस फॉर लव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हुबली में शनिवार को नेहा की हत्या को सही ठहराने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर दावा किया था कि नेहा और फयाज रिश्ते में थे। दोनों की तस्वीरें पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा था- 'नेहा-फयाज ट्रू लव, जस्टिस फॉर लव'। दोनों आरोपियों की खिलाफ कुछ हिंदूवादी लोगों ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उधर, आरोपी फैयाज खोंडुनाईक की मां ने पीड़ित परिवार और राज्य के लोगों से माफी मांगी है। पेशे से टीचर आरोपी की मां ममताज ने कहा कि नेहा के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। वह अच्छी लड़की थी। उन्होंने आगे कहा कि मेरे बेटे ने जो किया, उससे हमारा सिर शर्म से झुक गया है। उसने बहुत बड़ी गलती की है। उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। हालांकि, ममताज ने लव-जिहाद के दावों से इनकार किया। ममताज ने कहा- फैयाज और नेहा एक दूसरे से प्यार करते थे। मुझे एक साल पहले दोनों के रिश्ते के बारे में पता चला था। दोनों शादी करना चाहते थे। मेरे बेटे ने मुझे नेहा के बारे में बताया था। तब मैंने पहले उसे अपने करियर पर ध्यान देने को कहा था। फैयाज खोंडुनाईक ने 18 अप्रैल को हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। नेहा कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी थी। वह MCA फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। फैयाज उसका पूर्व क्लासमेट था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। फैयाज ने पूछताछ के दौरान बताया कि नेहा उसके साथ रिलेशनशिप में थी। कुछ दिनों से अचानक वह उससे दूर रहने लगी थी। इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे कर्नाटक में आक्रोश देखा गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) सहित कई संगठनों ने नेहा की हत्या के विरोध में जगह-जगह प्रदर्शन किए। आरोपी को फांसी देने की मांग की जा रही है। नेहा के पिता निरंजन हिरेमथ ने बेटी की हत्या को लव-जिहाद का मामला बताया है।



# रूस के 8 इलाकों में यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## 3 पावर स्टेशन और फ्यूल डिपो तबाह किए, रूस का दावा- 50 ड्रोन मार गिराए

**एजेंसी, मॉस्को/कीव।**

यूक्रेन की स्पेशल फोर्सेज ने शनिवार रात लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन्स से रूस के 8 इलाकों पर हमला किया। अमेरिकी मीडिया CNN ने इसकी जानकारी दी। हमले में रूस के 3 पावर सब-स्टेशन्स और एक फ्यूल डिपो में आग लग गई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने बेलगोरोद शहर के गवर्नर के हवाले से बताया कि हमले में 2 आम नागरिकों की मौत भी हुई है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी इस अटैक की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि रूस के डिफेंस सिस्टम ने यूक्रेन के करीब 50 ड्रोन्स को मार गिराया है। रूस भी यूक्रेन में इस तरह के हमले कर एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाता है। यूक्रेन में ठंग की वजह से तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। यहां न्यूनतम तापनाम माइनस में दर्ज किया जा रहा है। रूसी सेना इसी का फायदा उठाकर यूक्रेन पर हमला कर रही है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**यूक्रेन की सिक्योरिटी एजेंसियों का जॉइंट ऑपरेशनः** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शनिवार रात करीब 2 बजे यूक्रेन ने अपने कई ड्रोन्स रूस के 8 इलाकों में भेजे। हमले का टारगेट रूस का एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर था जो मिलिट्री से जुड़ी इंडस्ट्रीज को ऊर्जा देता है।। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमला यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस , डिफेंस इंटेलिजेंस और स्पेशल फोर्सेस का एक जॉइंट ऑपरेशन था। यूक्रेन के हमले के बाद कई इलाके में पावर और पानी सप्लाई ठप हो गई है।

**रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए हमलेः** हाल ही के महीनों में यूक्रेन ने रूस के तेल रिफाइनरियों, टर्मिनलों के साथ-साथ एनर्जी इंफ्रा पर हमले बढ़ाए हैं। CNN के मुताबिक यूक्रेन रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए इस तरह के हमले कर रहा है। यह हमले लंबी दूरी और एडवांस टेक्नोलॉजी वाली ड्रोन्स की मदद से किए जा रहे हैं। इससे पहले मार्च में भी यूक्रेन ने रूस की 3 रिफाइनरीज को निशाना बनाया था।



**अमेरिका ने पास किया यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का बिलः** अमेरिकी कांग्रेस ने यूक्रेन को आर्थिक मदद देने वाले बिल को पास कर दिया है। इस बिलके पास होने के बाद यूक्रेन को अमेरिका से लगभग 5 लाख करोड़ रुपए की मदद मिलेगी। इसमें से 1 लाख 91 हजार करोड़ रुपए से अमेरिकी हथियारों और सुविधाओं की आपूर्ति के लिए किया जाएगा। इसके अलावा 91 हजार करोड़ रुपए से इस इलाके में अमेरिकी सैन्य अभियानों की फंडिंग की जाएगी। वहीं बिल में शामिल लगभग 1 लाख 16 हजार करोड़ रुपए यूक्रेन को एडवांस टेक्नोलॉजी वाले हथियार खरीदने के लिए मिलेंगे।

**जेलेंस्की बोले- अमेरिकी मदद का इस्तेमाल जंग खत्म करने में करेंगेः** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बिल के पास होने पर अमेरिकी सांसदों का आभार जताया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, "में अमेरिकी सांसदों और खास तौर पर स्पीकर माइक जॉनसन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि बिल अमेरिकी सीनेट से भी जल्द पास हो जाएगा। इस युद्ध के शुरुआती दिनों से ही अमेरिका ने अपने नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। दुनिया में शांति लाने के लिए इसी तरह के नेतृत्व की जरूरत है। हम अमेरिकी मदद का इस्तेमाल जंग को खत्म करने के लिए करेंगे।"

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर।**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले के हरि बुद्ध इलाके के एक स्कूल से आतंकी के मददगार शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार (21 अप्रैल) को बताया कि आतंकी का मदद करने वाला कमरुद्दीन स्कूल का हेडमास्टर है। उसके पास से एक पाकिस्तानी पिस्तौल और 2 चीनी ग्रेनेड मिले हैं। पुलिस ने कहा- सूचना मिलने पर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SPG) के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। कमरुद्दीन के ठिकानों पर कई जवान एक साथ पहुंचे। हमें आशंका है कि लोकसभा चुनाव से पहले इलाके में अंशाति फैलाने के लिए कुछ प्लानिंग की जा रही थी।

**पुलिस को हेडमास्टर पर पहले से शक थाः** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस को पहले से ही हेडमास्टर पर शक था, लेकिन सबूत न होने की वजह से कार्रवाई नहीं की गई थी। करीब दो महीने से जम्मू-कश्मीर पुलिस हेडमास्टर की हर एक्टिविटी पर नजर रख रही थी। पुलिस को शक है कि राजौरी-पुंछ में पिछले दिनों हुई आतंकी घटनाओं में कमरुद्दीन का हाथ था। जम्मू-कश्मीर में चुनावों से पहले माहौल बिगाड़ने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकी संगठन साजिश रच रहे हैं। इस मंसूबे को लेकर लश्कर-ए-तैयबा कमांडर जुनैद अहमद बट कुलगाम में छिपा है। भारतीय खुफिया एजेंसियों को पता लगा है कि आने के बाद उसने स्लीपर सेल के गुर्गों के साथ बैठक भी की है।



♦ पाकिस्तानी पिस्तौल और चीनी ग्रेनेड बरामद, पुलिस बोली- चुनाव से पहले अशांति फैलाने की आशंका

## अमित शाह बोले- लालू और उनके बेटे कांग्रेस की गोदी में बैठे हैं

**नई दिल्ली।** बिहार के कटिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- लालू यादव और इनके बेटे कांग्रेस की गोद में जाकर बैठे हैं। ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने पिछड़ा समाज को आरक्षण देने वाली काका कालेलकर की रिपोर्ट और मंडल कमीशन की रिपोर्ट का विरोध किया था। अमित शाह ने कहा कि PM मोदी ने देश से परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण को समाप्त किया है। उन्होंने हर वर्ग, हर व्यक्ति का विकास किया है। वर्षों से कांग्रेस पार्टी और इनके साथी लालू कहते थे, 'गरीबी हटाओ', लेकिन गरीबी नहीं हटी। मोदी ने मात्र 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उधर, कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को ऐलान किया है कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो नागरिकता संशोधन कानून (CAA) को रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 को भी निरस्त किया जाएगा।

# आतिशी इंसुलिन लेकर जेल पहुंचीं बोलीं- केंद्र सरकार अंग्रेजों से ज्यादा क्रूर

♦ तिहाड़ प्रशासन ने केजरीवाल के लिए डॉक्टर मांगा, AIIMS को चिट्ठी लिखी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

तिहाड़ जेल के DG संजय बेनीवाल ने शनिवार 20 अप्रैल को AIIMS को चिट्ठी लिखी। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक सीनियर डाइबिटोलॉजिस्ट अपॉइंट करने को कहा गया है। इस लेटर को आम आदमी पार्टी (AAP) ने भी रविवार (21 अप्रैल) को शेयर किया। इस बीच, रविवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी तिहाड़ जेल के सामने इंसुलिन लेकर पहुंचीं। उन्होंने केंद्र सरकार को ब्रिटिश राज से ज्यादा क्रूर बताया। इससे पहले आतिशी ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार केजरीवाल को मारने की साजिश कर रही है। अरविंद केजरीवाल 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में हैं। 18 अप्रैल को उन्होंने कोर्ट से अपने डॉक्टर से सलाह लेने और इंसुलिन की मांग वाली याचिका लगाई थी, जिस पर 22 अप्रैल को फैसला आना है।

**सरकार का झूठ उजागर हो गया हैः AAP:-** AAP नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि तिहाड़ जेल की रिपोर्ट झूठ का पुलिंदा है। सबसे पहले केजरीवाल की शुगर को बेतरतीब ढंग से मापा गया। जब भी शुगर लेवल कम हुआ है, रिपोर्ट में केवल वही रिकॉर्ड है। ये अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश है। अरविंद केजरीवाल बार-बार जेल प्रशासन से इंसुलिन मांग रहे हैं, लेकिन वे इसे देने के लिए तैयार नहीं हैं। केंद्र सरकार कहती रही कि केजरीवाल की देखभाल के लिए जेल में एक विशेषज्ञ मौजूद है। तिहाड़ DG के एम्स को डायबिटोलॉजिस्ट भेजने के लिए चिट्ठी लिखने के बाद उनका झूठ उजागर हो गया है।



**सुनीता केजरीवाल की अपील पर करवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंगः** केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की अपील पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस करवाई। इसमें अस्पताल के एक सीनियर डॉक्टर के अलावा तिहाड़ के चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद थे। एक जेल अधिकारी ने बताया कि 40 मिनट की सलाह के बाद केजरीवाल को आश्वासन दिया गया कि कोई गंभीर चिंता नहीं है। उन्हें दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई। इसकी रेगुलर जांच की जाएगी। AIIMS विशेषज्ञ को सीजीएम (ग्लूकोज मॉनिटरिंग सेंसर) का पूरा रिकॉर्ड, केजरीवाल का फूड चार्ट और दवाओं की डिटेल दी गई थी।

खड़गे बोले-राहुल गांधी को फूड पॉइजनिंग, सतना में कहा-

# महंगाई और बेरोजगारी से सिर्फ मोदी खुश, गरीब मर रहे हैं

**एजेंसी, सतना।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'मैं कई जगह घूमा। जहां भी गया, वहां लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई-बेरोजगारी हैं। महंगाई गरीबों की कमर तोड़ रही है। जान ले रही है। कोई खुश नहीं है। एक ही आदमी मोदी खुश है। लोग गरीबी में रहें, उनको खाना न मिले, उनकी आमदनी न बढ़े, यही मोदी का मेन मकसद है। उनका स्लोगन है- सबका साथ, सबका विकास, बाकी लोगों को सत्यानाश।' खड़गे कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का दौरा कैंसिल होने के बाद सतना में सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। बीटीआई मैदान में उन्होंने कहा, 'मैं माफी चाहता हूं कि राहुल नहीं आ सके। उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे सतना जाना था। अब अगर इसकी भरपाई कोई कर सकता है तो आप ही कर सकते हैं।' पूर्व में तय कार्यक्रम के मुताबिक, सतना में राहुल कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू के समर्थन में आम सभा लेने वाले थे। सतना में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। नेहरू ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दियाः पं. जवाहरलाल नेहरू ने 16-17 साल हुकूमत की। उनकी पंचवर्षीय योजना में आपको सब काम दिखेंगे। आईटी दिखेगा, एम्स दिखेगा, रेलवे की तरक्की दिखेगी। जिस देश में एक सुई नहीं बनती थी, उस देश में साइंस एंड टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर रॉकेट बनाने का काम उन्होंने किया। इंदिरा गांधी जी ने उस रॉकेट को उड़ाया। इनके लोग कहते हैं- मेजॉरिटी दो, हम संविधान बदलेंगेः मोदीजी कहते हैं कि डॉ. अंबेडकर ऊपर से नीचे आएं तो भी संविधान नहीं बदलेगा। ये मेरे नहीं, उनके अल्फाज हैं। आपने सुना होगा-पढ़ा होगा। मैं पूछता हूं कि अगर ये सच है तो आपके एमपी लोग क्यों कहते हैं, भागवत क्यों कहते हैं, एमएलए क्यों कहते हैं कि हमको टू थर्ड मेजोरिटी दो, हम संविधान बदलेंगे। ये उनका कहना है। क्या ऐसे इंसान के नेतृत्व को आप वोट देंगे। वे अपनी पार्टी का नाम भी नहीं लेतेः चंद लोग पूछते हैं कि बार-बार मोदी का नाम क्यों लेते हो? क्या करें, वे कभी अपनी पार्टी बीजेपी का नाम ही नहीं लेते। कहते हैं- ये मोदी की गारंटी, ये मोदी की 56 इंच छाती, ये मोदी की देन हैं। जब मोदी की ही देन है तो हम क्या करें? मोदी को ही पकड़ना पड़ेगा। हमने मनरेगा, फूड सिक्योरिटी जैसे मजबूत कानून बनाएः हम लोग जो वादे करते हैं, वो निभाते हैं। अगर वादे नहीं भी करे तो गरीबों के लिए जो अच्छा करना चाहिए, हमारी नेता सोनिया गांधी ने करके दिखाया। मनरेगा, फूड सिक्योरिटी एक्ट हमने दिया। गरीबों के पेट भरने के लिए मुफ्त चावल, ज्वार, रागी सब दिया। हमने मजबूत कानून बनाए। अगर मोदी भी चाहें तो इसे नहीं निकाल सकते। अडाणी-अंबानी लेने वाले, मोदी-शाह बेचने वालेः दो आदमी देश के हर सामान को बेच रहे हैं। एयरपोर्ट, रोड, रेलवे बेच रहे हैं। अडाणी और अंबानी लेने वाले हैं, मोदी और शाह बेचने वाले हैं। बैंक बर्बाद कर दिए। 16 लाख करोड़ रु. अमीरों का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन गरीब किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ।



मालदीव में संसदीय चुनावः

# 'इंडिया आउट' कैंपेन चलाने वाले मुइज्जू के 6 महीनों के शासन की परीक्षा

**एजेंसी, माले।**


मालदीव में आज संसदीय चुनाव हो रहे हैं। इसके जरिए लोग मालदीव की मजलिस यानी संसद के 368 सांसदों को चुनेंगे। मालदीव में राष्ट्रपति और सांसदों के चुनाव अलग-अलग होते हैं। दोनों को चुनने के लिए जनता सीधे मतदान करती है। मालदीव के संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं। मालदीव के मीडिया हाउस द एडिशन के मुताबिक ये चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू के 6 महीनों के कार्यकाल की परीक्षा होगी। मुइज्जू सितंबर 2023 में 'इंडिया आउट' कैंपेन चलाकर देश के राष्ट्रपति बने। इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते चले गए। मालदीव का विपक्ष भारत से अच्छे संबंध रखने की मांग करता है। जबकि सत्ताधारी गठबंधन विदेश नीति में भारत से ज्यादा चीन को तवज्जो देता है। मालदीव के चुनाव में 2 लाख 84 हजार लोगों के मतदान करने की संभावना है। कुल 368 कैंडिडेट चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 130 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। वहीं, मुइज्जू की पीपल्स नेशनल कांग्रेस से 90 और विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी ने 89 उम्मीदवार उतारे हैं। चुनाव के नतीजे एक हफ्ते के भीतर आने की उम्मीद है। भारत और चीन की इस चुनाव पर कड़ी निगाह है। दोनों रणनीतिक रूप से अहम मालदीव में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। अगर मुइज्जू की पार्टी जीती तो मालदीव में आने वाले 5 साल चीन समर्थक सरकार रहेगी।



# MP-छत्तीसगढ़ समेत 9 राज्यों में तापमान 42 डिग्री के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में शनिवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा। इसके अलावा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गुजरात और महाराष्ट्र में भी तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। बारिपाड़ा जिले में शनिवार को टेम्प्रेचर 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यहां आने वाले 3-4 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। राजधानी दिल्ली में भी तापमान बढ़ने का दौर शुरू हो गया है। यहां आज तापमान 38 डिग्री के करीब पहुंचने का अनुमान है। साथ ही 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। हालांकि, लू चलने का अलर्ट आज नहीं है। देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 26 राज्यों में बारिश का अनुमान भी जताया गया है। इनमें जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, गोवा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं।



♦ ओडिशा में 45 डिग्री के पार, बिहार-झारखंड में आज हीटवेव का अलर्ट

# चुनाव आयोग ने शिवसेना (UBT) को नोटिस भेजा

**एजेंसी, मुंबई।**

चुनाव आयोग ने रविवार को शिवसेना (UBT) को नोटिस भेजकर कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' शब्द हटाने को कहा है। आयोग ने कहा कि यह शब्द हिंदू देवी से जुड़ा हुआ शब्द है। इलेक्शन में इस तरह के धार्मिक नारे का इस्तेमाल नहीं कर सकते। आयोग के नोटिस पर उद्धव ठाकरे ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वे अपने थीम सॉन्ग से भवानी शब्द नहीं हटाएंगे। आयोग को जो कार्रवाई करनी है करे। उद्धव ने आगे कहा कि बीजेपी नेता कई बार धर्म के नाम पर वोट मांग चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव आयोग पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे। दरअसल, उद्धव गुट ने इलेक्शन कैंपेन के लिए 16 अप्रैल को प्रमोशन सॉन्ग रिलीज किया था, जिसमें 'भवानी' शब्द का जिक्र है।



**मोदी-शाह धर्म के नाम पर वोट मांगते हैंः** उद्धव ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में PM मोदी ने जय बजरंग बली बोलकर वोट देने की बात कही। अमित शाह ने MP विधानसभा चुनाव में लोगों को मुफ्त में राम मंदिर के दर्शन कराने की बात की। इसको लेकर मैंने इलेक्शन कमीशन को लेटर लिखा था। मैंने पूछा था कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री धर्म के नाम पर वोट मांग रहे तो क्या उस पर चुनाव आयोग करवाई करेगा, लेकिन आज तक मुझे इस लेटर का जवाब नहीं मिला।

## कैंपेन सॉन्ग से भवानी शब्द हटाने को कहा, उद्धव बोले- नहीं हटाऊंगा, जो करना है करें

**महाराष्ट्र की कुल देवी का अपमानः** उद्धव ने कहा हमने भाजपा की तरह हिंदू धर्म के नाम पर वोट की भीख नहीं मांगी। न ही कहा कि जो जय भवानी कहेगा, उसे वोट देना है, लेकिन फिर भी हमे चुनाव आयोग ने नोटिस हमें भेजा। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र का अपमान किया। देवी तुलजा भवानी महाराष्ट्र की कुल देवी है। उनका अपमान हम बिल्कुल बर्दाश्त नही करेंगे। हम अपने थीम सॉन्ग में से भवानी और हिंदू धर्म नहीं हटाएंगे। आज चुनाव आयोग ने जय भवानी बोलने पर आपत्ति जताई है। कल जय शिवाजी बोलने पर आपत्ति जताएंगे। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिवसेना (UBT) ने सोशल मीडिया हैंडल पर 16 अप्रैल को थीम सॉन्ग शेयर किया। इस वीडियो के अंत में शिवसेना सपोर्टर जय भवानी का नारा लगा रहे हैं। यह वीडियो शेयर करते हुए पार्टी ने लिखा कि तानाशाही के खिलाफ शिवसेना की मशाल जलेगी। वीडियो के अंत में ठाकरे परिवार की तीन पीढ़ियों को एक साथ देखा जा सकता है। यहां बाला साहेब ठाकरे के साथ उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे भी नजर आ रहे हैं। चुनाव आयोग ने 5 अप्रैल को आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी सिंह को भी नोटिस जारी किया था। आतिशी ने कहा था कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऑफर मिला था और ऐसा नहीं करने पर जेल जाने की धमकी दी गई थी।


हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी



संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में ट्रैविस हेड का तूफान, तोड़े कई रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टूर्नामेंट का 35वां मैच दिल्ली में खेला गया। हालांकि, मैदान का वेन्यू जरूर बदला है लेकिन हैदराबाद की बल्लेबाजी का अंदाज नहीं। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 में बल्लेबाजी के नए रिकॉर्ड स्थापित करने की आदत बना ली है और यह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी जारी



रहा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएच की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में ही बोर्ड पर 100 से अधिक रन जोड़ लिए। खासतौर पर हेड ने दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी। हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 278.11 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे। वहीं अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों पर 46 रन ठोक डाले जिसमें दो चौके और 6 छक्के शामिल थे। अभिषेक ने 383.33 के स्ट्राइक रेट से रन जोड़े।हैदराबाद ने तोड़े ये रिकॉर्ड्स-टी20 में सबसे तेज 100 रन जो सिर्फ सिर्फ पांच ओवर में आए।किसी भी टी20 में पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर। इस जोड़ी ने पहले 6 ओवर में 125 रन का विशाल स्कोर बनाया।



## विनेश फोगाट ने जीता ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यज़ी को 10-0 से हराकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियन फोगाट ने लॉरा गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकंड में मुकाबला जीत लिया।

अभिषेक शर्मा ने बताया अपनी सफलता का राज

# गेम प्लान से मचा रहे तबाही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब से आने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा का बल्ला आईपीएल 2024 में जमकर बोल रहा है। वहीं उन्होंने अब अपनी इस आपार सफलता का राज भी बताया है।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने शनिवार को यहां ट्रेविस हेड (32 गेंद में 89 रन) के साथ महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दौरान पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कायम किया।



### अभिषेक ने बताया अपना गेम प्लान

इस शानदार शुरुआत से सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी पारी में 6 छक्के लगाये जिसमें 4 छक्के कुलदीप की गेंद पर आये। उन्होंने कहा कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने से उन्हें फायदा हुआ। अभिषेक ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास करने पर ध्यान देता हू। इससे काफी फायदा होता है।'

### किस्मत अच्छी है कि हेड हमारी टीम में है

अपनी पारी में छह छक्के जड़ने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय उस कड़ी मेहनत का नतीजा है जो उन्होंने पिछले कुछ महीनों में की है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी फायदा हो रहा है।' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। हेड ने अपनी 32 गेंद की पारी में 11 चौके और छह छक्के लगाये। अभिषेक ने कहा, 'ट्रेविस को बल्लेबाजी करते देखना काफी मनोरंजक होता है। हम मैदान के बाहर भी आपस में काफी बातें करते है। वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। पंजाब (राज्य क्रिकेट टीम) के मेरे साथी जानते है कि मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का सम्मान करता हूं।

### टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भी बोले अभिषेक

अभिषेक बल्लेबाजी के साथ कामचलाऊ खब्बू गेंदबाज भी है। आईपीएल के मौजूदा और पिछले सत्र में हालांकि उन्हें गेंदबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला है। उन्होंने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मुझे लगता है कि सब को पता है कि मैं गेंदबाजी कर सकता हूं लेकिन 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम के कारण टीम में एक अतिरिक्त गेंदबाज या बल्लेबाज होता है। हर हरफनमौला के साथ ऐसा हो रहा है यह पिछले साल भी था। मैं मानता हूं कि मुझे जब भी गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।' अभिषेक लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे है। उनसे जब पूछा गया कि क्या उनके दिमाग में आगामी टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की बातें चल रही है तो उन्होंने कहा, ' इस तरह के मुद्दों पर मैंने हेड से बात की है जिसके बाद मेरी सोच बिलकुल स्पष्ट है। मुझे ज्यादा दूर की चीजों के बारे में सोचे बिना जो भी मौका मिलेगा उसका फायदा उठाने पर ध्यान देना है।'

## भारतीय निशानेबाजों की नजर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी। निशानेबाजी में रिकॉर्ड 20 ओलंपिक कोटा स्थान पहले ही हासिल कर चुका भारत रविवार से दोहा में आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैम्पियनशिप (शॉटगन) शुरू होने पर 2024 पेरिस स्थानों के लिए अपने अभियान की शुरुआत करेगा। पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी। भवनीश मेंदीरत्ता और राजेश्वरी कुमारी ने पिछली प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पुरुष और महिला ट्रैप में एक-एक कोटा स्थान हासिल किया था।

# व्यापार

## फर्जी कैफ़े ने राजधानी भोपाल में अपने कदम रखे, रणविजय सिंह ने साझा किए अपने अनुभव




**भोपाल।** दुनिया भर में अपने अनूठे स्वाद का लोहा मनवाने के बाद, फर्जी कैफ़े ने राजधानी भोपाल में अपने कदम रखे। भोपाल की सबसे प्राइम लोकेशन में से एक बंसल वन में 4500 वर्ग फुट में फैले इस आउटलेट के लॉन्च के पहले दिन जहाँ फर्जी कैफे फ्रैंचाइज़ी के मालिक जोरावर कालरा मौजूद रहे वहीँ दूसरे दिन बॉलीवुड अभिनेता और रोडीज फेम रणविजय सिंह ने शिरकत की। रणविजय सिहं ने फर्जी कैफे भोपाल के लॉन्च के दौरान कहा, मैं फर्जी कैफे के लॉन्च में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरा फर्जी कैफ़े के दिल्ली और अन्य आउटलेट्स में पिछला अनुभव बहुत ही शानदार रहा है। फर्जी कैफे एक जबरदस्त कॉन्सेप्ट पर आधारित है, यह एक अनूठा कैफे है जो हमेशा कुछ नया और रोमांचक पेश करता है। भोपाल में फर्जी कैफ़े ने मुझे काफी प्रभावित किया है, मुझे यहां का माहौल और भोजन बहुत पसंद आया। मैंने यहां कुछ व्यंजन आजमाए हैं और वे सभी बहुत स्वादिष्ट थे। झीलों का यह शहर भोपाल हमेशा ही मेरा फेवरेट रहा है। फर्जी कैफ़े भोपाल की पूरी टीम को बहुत बहुत शुभकामनाएं जो उन्होंने इतना बहरीन वेन्यु तैयार किया, जिसने इस खूबसूरत शहर की खूबसूरती को चार चाँद लगा दिए हैं। मुझे लगता है कि युवा लोग कैफे के अनूठे कॉन्सेप्ट और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। यह उन लोगों के लिए एक शानदार जगह है जो दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। चाहे वो बच्चों की पार्टी हो या दोस्तों की यह जगह हर किसी के लिए परफेक्ट है। जितना यूनीक यहाँ का कांसेप्ट है उतनी ही यूनिक यहाँ के लोग हैं, जिनसे मिल कर मुझे काफी मजा आया। इसमें कोई शक नहीं है कि जल्द ही यह जगह भोपाल के लोगों के लिए यह वन स्टॉप डेस्टिनेशन बन जाएगी।

## साइबर फ्रॉड से आपके अकाउंट को बचाने की तैयारी, बैंकों ने बनाया नया प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइबर अटैक से आपके खातों को बचाने के लिए बैंकों ने एक नया प्लान बनाया है। प्लान यह है कि साइबर लुटेरों को पीड़ित के बैंक खाते से निकाले गए पैसों को तेज़ी से एक बैंक से दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने से रोकना। इसके लिए बैंकों ने गृह मंत्रालय की एक यूनिट, नेशनल साइबरक्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के साथ अपने सिस्टम के इंटीग्रेशन का प्रस्ताव दिया है। साइबर अपराधी, पीड़ित के बैंक खाते से पैसे निकालकर कई बैंकों के खातों में तेजी से ट्रांसफर करते हैं। यह एक ऐसी चाल होती है, जिससे अपराधी बैंक खाते से पैसे उड़ा ले जाता है और बैंक या पुलिस के लिए पैसे को बचाना मुश्किल हो जाता है। बैंकों का सिस्टम गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम पोर्टल के साथ सिंक होने से जालसाजों को फ्रॉड करने से रोकना आसान होगा। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एक बैंकर का कहना है कि बैंकों ने साइबर क्राइम एक्सपर्ट से सलाह ली है, जिसके बाद एवरेज रेस्पॉन्स टाइम कम करने और मामलों के फौरन अपडेशन के लिए एनसीआरपी के साथ एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेज) इंटिग्रेशन की सिफारिश की है। आइडिया यह है कि जिस अकाउंट में पैसा आया है, उस जालसाजी को तुरंत चिह्नित कर खाते को बिना इंसानी दखल के ऑटोमैटिक फ्रीज कर दिया जाए।

## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़ा, ब्याज से होने वाली आमदनी में 24.5 प्रतिशत का इजाफा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा मार्च को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24.5 प्रतिशत बढ़कर 29,077 करोड़ रुपये हो गई। शनिवार को अपने तिमाही नंबरों की घोषणा करते हुए, एचडीएफसी बैंक ने वित्त24 के लिए प्रति शेयर 19.5 का लाभांश भी घोषित किया। निजी क्षेत्र के ऋणदाता का कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल संपत्ति पर 3.44 प्रतिशत और ब्याज़ अर्निंग असेट के आधार पर 3.63 प्रतिशत रहा।

एचडीएफसी बैंक ने अपनी फाइलिंग में कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋणों का माहौल बेहतर बना हुआ है। बैंक का सभी क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदर्शन स्वस्थ बना हुआ है। पिछले तिमाही की तुलना जीएनपीए में 1.24 प्रतिशत का सुधार हुआ है।

बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उसका नेट एनपीए नेट एडवांस का 0.33 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले 0.27 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 0.31 प्रतिशत था। बैंका रिटर्न ऑन असेट्स यानी आरओए 0.49 प्रतिशत रहा जो दिसंबर तिमाही में भी इतना ही था। वहीं, एक साल पहले यह 0.53 प्रतिशत था।

आंकड़े जारी करने के साथ एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एक रुपए के फेस वैल्यु पर 1950 फीसदी यानी 19.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। इसके लिए 10 मई को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। एजीएम की बैठक में इसपर मुहर लगने के बाद इसे निवेशकों को जारी कर दिया जाएगा। बैंक ने इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 में 19 रुपए का लाभांश दिया था।

## सरकार की कमाई में इजाफा, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 2023-24 में 17.7 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये हो गया। टैक्स डिपार्टमेंट ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही।

डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

## 5 प्रतिशत ब्याज पर 3 लाख तक लोन, 18 तरह के कामगारों के लिए सरकार का तोहफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में कुछ ऐसी स्कीम लॉन्च की है, जिसके जरिए गरीब लोगों को कर्ज की सुविधा मिलती है। उदाहरण के लिए स्ट्रीट वेंडर्स को ध्यान में रखकर पीएम-स्वनिधि स्कीम लॉन्च की गई तो 18 अलग-अलग कैटेगरी के कारीगरों के लिए पीएम-विश्वकर्मा स्कीम की शुरुआत हुई। पिछले साल 17 सितंबर को लॉन्च की गई इस स्कीम में 18 व्यवसाय के कारीगरों को मदद करने की योजना है। इसमें बढ़ई, नाव निर्माता, हथियार निर्माता, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता शामिल हैं। इसके अलावा ताला बनाने वाला, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला, मोची/जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर भी योजना के दायरे में आते हैं। वहीं, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल निर्माण में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को भी शामिल किया गया है।





## हंसगुल्ले

राजू (पापा से) - पापा, अगर मैं फिर परीक्षा में फेल हो गया तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।
पापा - खबरदार, तुमने आत्महत्या की बात भी की तो जान से मार दूंगा।

•••••••

कवि सम्मेलन में एक कवि अपनी कविता पढ़ रहे थे। श्रोताओं ने उनसे रात भर कविता पढ़ने का अनुरोध किया।
कवि (श्रोताओं से) - क्या आपको यह कविता इतनी पसंद आई?
श्रोता - नहीं, आज हमारे मुहल्ले का चौकीदार छुट्टी पर गया है।

•••••••

रोहन -बसंती, खेलने के क्या-क्या फायदे होते हैं?
बसंती - सबसे बड़ा फायदा तो यही है कि जब तक हम खेलते हैं, तब तक हमें पढ़ना नहीं पड़ता।

•••••••

मोहन - पापा, आपने नया नौकर क्यों रखा है?
पिता - बेटा, घर का सारा काम करने के लिए।
मोहन - पापा, फिर वह मेरा होमवर्क क्यों नहीं करके देता?

•••••••

पिता (बेटे से पूछते हैं)- अंग्रेजी में तुम्हारे कम नम्बर क्यों आए?
बेटा - अनुपस्थित होने से।
पापा - लेकिन तुम तो पेपर देने गए थे।
बेटा - हां, मैं तो गया था, लेकिन मेरे पास बैठने वाला छात्र अनुपस्थित था।

•••••••

पिता - मूर्खों के सभी प्रश्नों के उत्तर एक बुद्धिमान नहीं दे सकता।
पुत्र - जी हां, तभी तो मैं परीक्षा में हर बार फेल हो जाता हूं।

•••••••

राहुल बड़ी देर से घर आया।
पापा - कहां पर थे तुम?
राहुल - दोस्त के घर पर था।
पापा ने राहुल के सामने 10 दोस्तों को फोन किया।
4 ने कहा, 'हां अंकल यहीं पर है।'
2 ने कहा, 'अभी निकला है।'
3 ने कहा, 'यहीं पर है। पढ़ रहा है। फोन दूं क्या?'
एक ने हद कर दी। बोला, 'बोलो पापा क्या हुआ है?'

•••••••

संता ट्रैफिक पुलिस के इंटरव्यू के लिए गया।
इंटरव्यू लेने वाला - एक आदमी गधे की सवारी करता हुआ रोड से जा रहा है और उसने हेलमेट नहीं पहना है तो आप उसे क्या दंड देंगे?
संता - कोई दंड नहीं दूंगा सर।
इंटरव्यू लेने वाला - क्यों?
संता - क्योंकि हेलमेट 2 व्हीलर के लिए जरूरी है, 4 व्हीलर के लिए नहीं।

•••••••

राजू (पिंकी से)- आंसर शीट में क्या लिखूं?
पिंकी- यही कि सभी उत्तर काल्पनिक हैं, जिनका किसी भी किताब से कोई संबंध नहीं है।

•••••••

## पहेलियाँ

मेरा भाई बड़ा शैतान
बैठे नाक पर पकड़े
कान

• • •

साथ-साथ मैं जाती हूँ
हाथ नहीं मैं आती हूँ

• • •

हरा आटा लाल पराँठा
सखियों ने मिलकर
बांटा

• • •

दिन में लटकी
रात में अटकी

• • •

सिर पर पत्थर
पेट में अंगुलि

• • •

सदा करूं चौकीदारी
मेरे दम पे दुनियादारी

• • •

एक लड़का जनम
का हीना
जिन देखा तिन थू-थू
कीना

• • •


चल पड़ती तो चल
जाती
बिना सहारे ठहर न
पाती

• • •

छोटे से मियाँ जी
दाढ़ी सौ गज की

उत्तर- चश्मा, परछाई, मेंहदी, सांकल, अंगूठी, ताला,
पीकदान, साइकिल, सुई धागा

रास्ता खोजो



# रिमी का बाल बैंड

पांच साल की नन्ही सी रिमी बहुत शरारती थी और होती भी क्यों ना? भला बिना शरारत क्या बचपन और कैसा बच्चा? रिमी की मां रोली टीचर थीं। उनके घर में खूब पत्र-पत्रिकाएं आती थीं। कभी-कभी रिमी शरारत करते हुए पुरानी पत्रिकाओं को अपने इर्द-गिर्द फैलाकर बैठ जाती और फिर मोटे-मोटे अक्षरों को अपनी रफ कॉपी में लिखकर शाम को अपनी मम्मी को दिखाती। उसकी मां रोली रिमी की तीव्र बुद्धि देखकर दंग रह जातीं। रिमी बड़े-बड़े वाक्यों को हूबहू कॉपी में उतारकर मां के पास ले जाती और कहती, 'मां पढ़ो तो। भला मैंने क्या लिख दिया?' उसकी भोली बात पर रोली मुस्कराती। नन्ही रिमी का 'भला' तकियाकलाम बन गया था।

एक दिन रिमी की मां रोली तैयार होकर स्कूल के लिए निकल रही थीं। उस दिन रिमी की छुट्टी थी। रिमी ने रोली को लिपस्टिक लगाते हुए देखकर कहा, 'मम्मी भला एक बात तो बताओ।'

रोली समझ गईं कि रिमी की प्रश्नों की टेप शुरू हो गई।

वह बोलीं, 'बोलो, भला क्या बात बताऊं?' इस पर रिमी बोली, 'मम्मी जब आप बूढ़ी हो जाओगी, तब भी लिपस्टिक लगाओगी।'

रिमी के मासूम सवाल पर रोली ऐसे हंसी कि लिपस्टिक उसके हाथ से फिसलकर गाल पर लगते हुए रिमी की गोद में जा गिरी। रोली ने रिमी को ढेर सा प्यार किया और बोली, 'बेटा, भला ऐसा कौन कहता है कि बूढ़े लोग लिपस्टिक नहीं लगा सकते।'

मम्मी के जवाब पर रिमी कुछ सोचती रही और इसी बीच रोली उसे प्यार कर अपने स्कूल के लिए निकल पड़ी।

रिमी अकसर अपनी मां की हर चीज की कॉपी करती थी। कभी उनके दुपट्टे की साड़ी बनाकर पहनती थी तो कभी उनकी क्लिप अपने बालों में लगाती थी। रिमी को रंग-बिरंगे हेयर बैंड लगाने का बहुत शौक था। रोली ने रिमी के लिए ढेर सारे हेयर बैंड लाकर रखे हुए थे। उसके पास उसकी ड्रेस से मैच करते अनेकों हेयर बैंड थे।

रिमी घूमने जाते समय अपनी ड्रेस से मैच करके हेयर बैंड लगाकर और अपने कंधे पर छोटा सा पर्स टांग कर कहती थी, 'मम्मा मैं तो कब से तैयार हो गई हूं और आप अभी तक ऐसे ही खड़े हो।'

रिमी को गुलाबी रंग का हेयर बैंड बहुत खूबसूरत लगता था। वह हेयर बैंड काफी महंगा भी था। उसमें सिल्वर रंग के नग लगे हुए थे और रेशमी महीन गुलाबी धागे। रिमी उस हेयर बैंड को पहनकर बिल्कुल परी लगती थी। एक दिन रोली बाजार जा रही थी तो रिमी ने भी जिद पकड़ ली कि वह भी मां के साथ बाजार जाएगी और वापसी में आइसक्रीम खाएगी।

रोली उसे अपने साथ ले जाने लगी तो रिमी बोली, 'एक मिनट मम्मा, मैं जरा अपना हेयर बैंड लगा आऊं।' कुछ ही देर बाद रिमी अपने गुलाबी हेयर बैंड को सिर का ताज बनाकर चली आई।

रोली उसे लेकर बाजार में घूमने लगी। रोली ने कुछ सब्जी-फल और जरूरत की वस्तुएं खरीदीं और फिर रिमी को आइसक्रीम पार्लर की ओर लेकर चल दीं। आइसक्रीम पार्लर से कुछ दूरी पर बहुत सारे बच्चे फटे हुए चिथड़ों में एक सड़े हुए सेब को पाने के लिए लड़ रहे थे। यह देखकर रोली अत्यंत गमगीन हो गई। तभी उसकी नजर रिमी पर गई तो उसने देखा कि एक मैली-कुचैली सी लड़की रिमी से कुछ बोल रही थी। रोली ने उस लड़की को देखा। वह लड़की रिमी के गुलाबी हेयर बैंड की तरफ इशारा करते हुए बोली, 'मुझे, यह दे दो। मैं भी इसे अपने बालों में लगाऊंगी और तुम्हारी तरह सुंदर बन जाऊंगी।'

नन्ही रिमी ने अपनी बड़ी आंखों से उस लड़की को देखा और कुछ सोचते हुए अपना हेयर बैंड उतारकर उसकी ओर बढ़ा दिया। लड़की ने लपककर हेयर बैंड ले लिया और खुश होकर अपने साथियों के बीच पहुंच गई। यह देखकर रोली बोली, 'बेटा, यह तुमने क्या किया? गुलाबी हेयर बैंड तो तुम्हारा फेवरेट बैंड था। तुमने उसे क्यों दे दिया?' इस पर रिमी बोली, 'मम्मा, मेरे पास एक नहीं बहुत सारे हेयर बैंड हैं। अगर वह मेरा फेवरेट भी था तो क्या हुआ? उसे भी तो वही पसंद था।'


मासूम रिमी की बात सुनकर रोली दंग रह गई। रिमी की बात पर रोली ने उन सभी बच्चों के लिए ढेर से फल खरीदे और उन में बांट दिए। उनमें वह लड़की भी थी, जिसे रिमी ने अपना हेयर बैंड दिया था। अब वह हेयर बैंड उस लड़की के बालों की शोभा बढ़ा रहा था। उसके बालों में गुलाबी हेयर बैंड को लगा हुआ देखकर रिमी रोली से बोली, 'मम्मा, इस लड़की के बालों में हेयर बैंड लगा देखकर मुझे इसका एक नया नाम सूझा है।'

रोली उसकी बात समझ नहीं पाई और बोली, 'क्या बेटा?' रिमी तपाक से बोली, 'भला, मम्मी हेयर बैंड को हम बालों में लगाते हैं तो वह हिन्दी में बाल बैंड हुआ ना। हेयर बैंड तो अंग्रेजी का शब्द है।' नन्ही मासूम रिमी के हेयर बैंड के नए शब्द बाल बैंड की खोज पर रोली मुस्करा उठी और उसे गोद में उठाकर आइसक्रीम पार्लर में चली गई।


**रिमी को गुलाबी रंग का हेयर बैंड बहुत खूबसूरत लगता था। वह हेयर बैंड काफी महंगा भी था। उसमें सिल्वर रंग के नग लगे हुए थे और रेशमी महीन गुलाबी धागे। रिमी उस हेयर बैंड को पहनकर बिल्कुल परी लगती थी। एक दिन रोली बाजार जा रही थी तो रिमी ने भी जिद पकड़ ली कि वह भी मां के साथ बाजार जाएगी और वापसी में आइसक्रीम खाएगी।**



रंग भरो



बिंदु मिलाओ



# ये खेलोगे तो... दिमाग और तेज दौड़ेगा



मन से पढ़ाई करो। ध्यान से खेलो। क्या तुम्हें भी तुम्हारी टीचर या पापा-मम्मी बात-बात पर ये कहते हैं और तुम्हें लगता है कि तुम तो ध्यान लगाकर ही काम कर रहे हो। यह एक सच्चाई है कि कुछ बच्चों को शुरुआत में किसी चीज पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। आज के समय में यह बड़ी कॉमन प्रॉब्लम है। अगर तुम्हें लगता है कि तुम्हें, तुम्हारे भाई-बहन या किसी दोस्त को ध्यान लगाकर कोई काम करने में परेशानी होती है तो क्यों न कुछ मजेदार खेल खेला जाए। इससे तुम पहले से कहीं बेहतर तरीके से ध्यान भी केंद्रित कर पाओगे और साथ ही साथ मौज-मस्ती भी हो जाएगी। तुम ये खेल अपने स्टडी रूम से लेकर स्कूल जाने के दौरान बस में, कहीं भी खेल सकते हो और हां! इनकी मदद से तुम और स्मार्ट भी बन जाओगे।

## मिसिंग नंबर्स

यह उनके लिए अच्छा है, जिन्हें गिनती आती है। मान लो, तुम अपनी याददाश्त बनाने के लिए यह गेम खेलना चाहते हो, तो अपने घर के किसी सदस्य या दोस्त को कहो कि वह 1 से 20 तक गिनती करे और बीच-बीच में कोई अंक छोड़ता रहे। जैसे ही वह कोई अंक नहीं बोलता है, तुम तुरंत वह अंक बता दो। अगर यह गेम थोड़ा बड़ा बच्चा खेल रहा है तो सिंपल एक, दो, तीन की काउंटिंग की जगह नंबर्स के मल्टिपल्स जैसे तीन, छह, नौ, बारह बोलकर यह गेम खेल सकते हो। यह गेम सिर्फ तुम्हारे लिए ही नहीं है, तुम्हारे पेरेंट्स भी चाहें तो यह गेम खेल सकते हैं और यह उनके लिए भी काफी चेलेंजिंग हो सकता है।

## अपोजिट्स

यह तुम जैसे छोटे बच्चों के लिए बहुत अच्छा है। अगर तुम अपने भाई-बहन के साथ यह गेम खेल रहे हो तो उसके सामने कोई शब्द बोलो और उसे उस शब्द का अपोजिट बताने के लिए कहो। पर यह खेल खेलते हुए इस बात का ध्यान रखो कि जिस एज-ग्रुप के बच्चों के साथ यह गेम खेल रहे हो, उसे ऐसे शब्दों का विपरीत शब्द बताने के लिए कहो, जिसे वह समझ सके।

## टंग ट्विस्टर

तुम अपने लिए एक अच्छा-सा टंग ट्विस्टर चुन लो और उसे सही तरीके से बोलने की प्रैक्टिस करो। इससे किसी एक चीज पर तुम ध्यान केंद्रित कर पाओगे।

## कुछ दिलचस्प टंग ट्विस्टर्स

चंदू के चाचा ने चंदू की चाची को चांदनी रात में चटनी चटाई
कच्चा पापड़, पक्का पापड़
पीला पपीता, पका पपीता
हरा पपीता, कच्चा पपीता

*ये सभी फन गेम हैं। अगर तुम सीरियसली इन्हें खेलने लगोगे तो इसका असर भी अधिक होगा और मजा भी आएगा। यह तुम्हारा प्ले टाइम है और उसका भरपूर मजा उठाओ और साथ में अपनी याददाश्त भी बढ़ाओ।*

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024



# सामंथा रुथ प्रभु ने जान्हवी की फिल्म उलझ की तारीफों के बांधे पुल



जान्हवी कपूर के पास कई बड़े प्रोजेक्स की फिल्में हैं। जिसमें उनकी तेलुगु डेब्यू फिल्म भी शामिल है। इस तेलुगु फिल्म में वह जूनियर एनटीआर और राम चरण के साथ नजर आएंगी। इसी के साथ उनकी फिल्म उलझ रिलीज के लिए तैयार है। निर्देशक सुधांशु सारिया की आने वाली सस्पेंस थ्रिलर फिल्म उलझ का टीजर 17 अप्रैल को रिलीज किया था। फिल्म का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई थी। फिल्म उलझ को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहे हैं।

सबसे पहले जान्हवी कपूर की उलझ को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का प्रतिक्रिया आई थी और इसके बाद राजकुमार राव की प्रतिक्रिया आई थी। अब इसी लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है बॉलीवुड अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ को लेकर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होने कैप्शन दिया, असाधारण है आपका यह लुक। पहले से भी और अधिक मजबूत जान्हवी कपूर। इसके बाद जान्हवी ने समांथा के इस पोस्ट पर रिप्लाई किया। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही हॉलीवुड स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल के हिंदी रुपांतरण को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही हैं। हिंदी में बनने वाली इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु लीड रोल में नजर आने वाले हैं। निर्देशक राज एंड डीके की वेब सीरीज सिटाडेल का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया जा चुका है।

# बॉलीवुड में सही प्रोजेक्ट नहीं मिलने पर बोलीं परिणीति



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इस समय इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। निजी जिंदगी को लेकर भी परिणीति खूब लाइमलाइट में रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी फिल्म उद्योग में लॉबिंग प्रणाली के बारे में खुलकर बात की है।

अपने हालिया साक्षात्कार में परिणीति ने कहा कि वह कभी भी उन पार्टियों में शामिल नहीं होती हैं, जहां कलाकारों के लिए प्रोजेक्ट बनाए जाते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने यह भी स्वीकार किया कि उनका पीआर गेम बाकी कलाकारों की तुलना में मजबूत नहीं है, लेकिन उन्हें खुद पर भरोसा है और वह चाहती हैं कि फिल्म निर्माता उनसे वही भूमिकाएं दें, जिन्हें वह करने में सक्षम हैं। परिणीति का कहना है कि उन्होंने अमर सिंह चमकीला जैसे मौके के लिए करीब 10 साल तक इंतजार किया। फिल्म में वह सिंगर अमरजोत यानी अमर सिंह चमकीला की पत्नी का किरदार निभाया है। एक बातचीत के दौरान परिणीति ने सही प्रोजेक्ट्स और भूमिकाओं से दूर रहने के लिए अवसरों की कमी के साथ-साथ अपने गलत करियर फैसलों को भी जिम्मेदार ठहराया। परिणीति का कहना है, मैं डिनर और लंच या पार्टियों में नहीं जाती, जहां बॉलीवुड में काम के अवसर मिलते हैं या भूमिकाओं पर चर्चा होती है। मैं चाहती हूं कि निर्देशक और निर्माता मुझे मेरे काम के लिए बुलाएं क्योंकि मैं कड़ी मेहनत करने को तैयार हूं। मैंने 10 साल पहले इशकजादे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। मैं अब भी वही अभिनेत्री हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं उन कलाकारों के लिए आवाज बनना चाहता हूं जो गुटों का हिस्सा नहीं हैं। मुझे उम्मीद है कि हम बॉलीवुड में लॉबिंग की इस प्रणाली को तोड़ देंगे क्योंकि मैं समान अवसर और काम चाहती हूं। हो सकता है कि मैंने गलत फिल्में की हो, लेकिन मैं वैसी ही हूं, जिस अभिनेत्री ने 10 साल पहले शुरुआत की थी और वह सही मंच की तलाश में है।

# सिंघम अगेन में डांस नंबर से भौकाल दिखाएगी करीना कपूर



भारतीय सिनेमा की चर्चित फेंचाइजी सिंघम की अगली फिल्म सिंघम अगेन आने वाली है। इस फिल्म की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लंबे ब्रेक के बाद रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की इस अगली फिल्म के साथ आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। साथ ही अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में एक डांस नंबर भी जोड़ा गया है। फिल्म सिंघम अगेन का डांस नंबर करीना कपूर कर रही हैं। खबर है कि अभिनेत्री ने मुंबई में आज इस हॉट डांस नंबर की शूटिंग की है। इस स्पेशल नंबर में वह टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। करीना कपूर इन दिनों फिल्म क्रू के चलते छाई हुई हैं। करीना, तब्बू और कृति सेनन अभिनीत इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। करीना कपूर कई फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ आइटम नंबर का तड़का भी लगा चुकी हैं। दबंग 2 में फेविकॉल, हीरोइन का हलकट जवानी, डॉन का ये मेरा दिलऔर क्या लव स्टोरी है के इट्स रॉकिंग समेत कई गानों पर अपने डांस मूव्स से बेबो धमाल कर चुकी हैं। फिल्म सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। हाल में सेट से उनकी कुछ तस्वीरें लीक हुईं। दीपिका जल्द ही मां बनने वाली हैं। सामने आई तस्वीरों में उनका बेबी बंप साफ नजर आया। दीपिका सिंघम अगेन में कोई भारी-भरकम एक्शन सीक्वेंस खुद नहीं फिल्माती नजर आएंगी। इसके लिए रोहित शेट्टी ने उनकी बॉडी डबल को रखा हुआ है।


# प्रतीक गांधी ने साझा किया विद्या बालन के साथ काम करने का अनुभव

विद्या बालन और प्रतीक गांधी अभिनीत फिल्म दो और दो प्यार रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें प्रतीक विद्या बालन के पति की भूमिका में हैं। प्रतीक गांधी ने इस फिल्म में विद्या के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने इस दौरान अभिनेत्री की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर चीजों को काफी आसान बना दिया। अभिनेता प्रतीक गांधी का कहना है कि सेट पर विद्या बालन से मिलने के बाद बेहद खुशी हुई। प्रतीक गांधी गुजराती सिनेमा का बड़ा नाम हैं। वह गुजराती थिएटर से भी जुड़े हुए हैं। हंसल मेहता की सीरीज स्कैम 1992 में भी वह नजर आ चुके हैं। प्रतीक गांधी ने कहा, जब मेरे पास फिल्म का प्रस्ताव आया, तो मुझे विद्या बालन से मिलने के लिए बुलाया गया, क्योंकि मेकर्स हमें साथ देखना चाहते थे। इसके बाद हमने कुछ देर स्क्रिप्ट पढ़ी। मैं उस दौरान विद्या बालन से मिलने के बाद अभिभूत था। प्रतीक गांधी ने आगे कहा, फिल्म दो और दो प्यार के फोटो शूट के दौरान विद्या बालन ने चीजों को काफी आसान बना दिया। चीजें काफी सहज तरीके से हुईं। अभिनेता ने आगे कहा, विद्या बालन बिना किसी प्रयास के किरदारों को बहुत आसानी से निभा लेती हैं। उन्होंने जितने विविध किस्म के किरदार अदा किए हैं, मुझे वह बहुत पसंद हैं। वह बहुत आत्मविश्वास के साथ पर्दे पर आती हैं और हर किरदार में सहज रहती हैं।





# सीरीज पाताल लोक का अगला भाग नहीं लाना चाहते अभिषेक बनर्जी!



अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज 'पाताल लोक' के दूसरे सीजन की कहानी पर काम करीब करीब पूरा हो चुका है। सीरीज के लीड कलाकार जयदीप अहलावत अपने लोकप्रिय किरदार हाथीराम चौधरी के साथ फिर से वापसी की तैयारी शुरू कर चुके हैं। हालांकि, बता दें कि पाताल लोक 2 के बारे में सुनते ही सीरीज में हथौड़ा त्यागी उर्फ अभिषेक बनर्जी दुखी हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि ऐसा क्यों है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में हथौड़ा त्यागी की भूमिका निभाने वाले अभिषेक बनर्जी ने खुलासा किया है कि जब भी पाताल लोक 2 सीरीज के बारे में बात होती है तो उनका मन काफी दुखी हो जाता है। अभिनेता के इस बयान से फैंस काफी हैरान हो गए हैं। हालांकि, अभिषेक ने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया है। अभिषेक बनर्जी ने कहा, मुझे इस बार पाताल लोक में न होने का बड़ा दुख है। मेरा किरदार तो पहले सीजन में ही मार दिया गया था। इस बारे में मैं निर्माता-निर्देशक कर्णेश शर्मा और सुदीप शर्मा को बोलता भी हूं कि आप मुझे पाताल लोक 2 के बारे में कुछ न बताएं, क्योंकि आप लोग मुझे जितना बताएंगे, मुझे उतना और अधिक दुख होता है कि मेरा किस्सा तो पहले सीजन में ही खत्म कर दिया था। मैं उसमें नहीं हूं। मुझे हथौड़ा त्यागी की भूमिका से बहुत प्यार मिला है और उसके लिए मैं हमेशा दर्शकों का आभारी रहूंगा। वहीं, बात करें सीरीज की तो मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस साल के अंत में दर्शकों के सामने इस सीरीज की स्ट्रीमिंग होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी सीरीज और फिल्म की एक लिस्ट जारी की थी, उसमें पाताल लोक का सीजन 2 भी शामिल था।

# पहले से भी ज्यादा जंगली एनिमल बन लौटेंगे रणबीर कपूर



संदीप रेड्डी वांगा के जरिए निर्देशित और रणबीर कपूर अभिनीत एनिमल साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई। इस फिल्म की दमदार सफलता के साथ ही निर्माताओं ने इसके दूसरे भाग की घोषणा कर दी थी, जिसे लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। समय-समय पर फिल्म को लेकर नई और दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं, जिसका फैंस को भी बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग और कहानी को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो खुद फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने दी है। एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क के लिए दर्शकों को अभी लंबा इंतजार करना होगा। फिल्म की शूटिंग थोड़ी देर से शुरू होने वाली है। दरअसल, एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में मुंबई में एक अवार्ड शो में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने फिल्म के सीक्वल के बारे में एक रोमांचक अपडेट साझा किया। साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की शूटिंग साल 2026 में ही शुरू होगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए संदीप रेड्डी वांगा ने कहा कि एनिमल पार्क फिल्म एनिमल से भी बड़ा और जंगली होने जा रहा है। फिल्म की शूटिंग 2026 तक शुरू होगी। अब ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म की कहानी पहले भाग से भी ज्यादा खतरनाक और ज्यादा एक्शन सीक्वेंस के साथ होगी। इस पर तेजी से काम होगा, जिस पर तैयारियां कुछ समय बाद शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले खबर आई थी कि एनिमल पार्क के निर्माता अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल के लिए विक्की कौशल को शामिल कर सकते हैं। कथित तौर पर विक्की कौशल को एनिमल पार्क में एक नकारात्मक भूमिका के लिए विचार किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रणबीर के साथ विक्की की ऑनस्क्रीन भिड़ंत देखना दिलचस्प होगा। फिल्म के पहले भाग में बॉबी देओल ने ही नकारात्मक किरदार निभाया था। संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार ने ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल का बहुप्रतीक्षित सीक्वल लाने के लिए हाथ मिलाया है। साथ ही खबर आई थी कि संदीप ने एनिमल पार्क की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। उन्हें कहानी का मूल आर्क मिल गया है और एनिमल के कई प्रमुख किरदार एनिमल पार्क का भी हिस्सा होंगे, जहां रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी अपनी-अपनी भूमिका निभाने के लिए वापस आएंगे, वहीं एनिमल पार्क में उपेंद्र लिमये का भी एक मजबूत ट्रैक है। सीक्वल से कई नए कलाकारों के भी नाम जुड़ेंगे। संदीप प्रभास की स्पिरिट के बाद एनिमल पार्क की शूटिंग करेंगे।

# पुराने दिनों का याद कर भावुक हुए मनोज बाजपेयी



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपने बेहतरीन अभिनय कौशल से उन्होनें फिल्मी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान बनाई हैं। उनकी 100वीं फिल्म भैयाजी भी जल्द ही सिनेमाघरों मे दस्तक देने वाली है। फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान वह अपने पुराने दिनों को याद करते हुए दिखाई दिए। उन्होनें बताया कि उस वक्त फिल्मों के लिए फीस उतनी नहीं थी, तो आने-जाने के लिए कुछ अतिरिक्त पैसे दिए जाते थे, जिससे वह आगे की प्लानिंग करते थे। मनोज बाजपेयी ने एक बातचीत के दौरान बताया, सैलरी काफी कम हुआ करती थी, हमारा सबसे बड़ा सपोर्ट आने-जाने के लिए मिलने वाला कैश होता था। हमें 150 रुपए मिलते थे और उस पैसे को कैसे खर्च करना है, इसको लेकर हम प्लानिंग किया करते थे। अभिनेता ने अफसोस जताते हुए बताया कि अब  अब वह रुपये नहीं दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पहले जो एक्टर्स अपनी गाड़ी से भी आना-जाना करते थे, उन्हें भी पेट्रॉल का खर्च मिलता था, लेकिन अब ऐसा बिलकुल भी नही है। अभिनेता का ये बयान तब सामने आया है जब फीस के तौर पर अभिनेताओं को मिलने वाली मोटी रकम पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय कुमार को फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के लिए 165 करोड़ रुपए मिले हैं। करीब 350 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म पहले सप्ताह में 50 करोड़ ही कमा पाई।